दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 3 | अंक: 57 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00 जयपुर, सोमवार, 05 फरवरी, 2024 | माघ, कृष्ण पक्ष- दशमी, विसं 2080

JLF को बारिश ने भिगोया...



## मावठ से भीगा प्रदेश... किसानों के चेहरे खिले, ठंडक बढ़ी

# मौसम ने बदले कई रूप... कभी बारिश... कभी धूप

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में शनिवार को एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से रविवार अल सुबह से बादलों की आवाजाही के साथ दो दर्जन से अधिक जिलों में रुक-रुक कर हल्की और मध्यम दर्जे की बारिश जारी रही। मौसम केंद्र, जयपुर ने पिछले सप्ताह ही चेतावनी जाहिर कर दी थी कि रविवार को राजस्थान के 25 जिलों में बारिश होने की संभावना है, जो सही साबित हुआ। पूरे राज्य में रविवार सुबह से ही बादल छाए रहे और अल सुबह से रुक-रुककर बारिश का दौर देर रात तक जारी रहा। इस बारिश का असर यह रहा कि पारा तेजी से गिरा और दिन में ही 14 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। नतीजतन, दो दिन से गर्म कपड़ों को छूटा मान समेट कर रख चुके लोगों को फिर से जैकेट, कोट, स्वेटर निकाल कर पहनने पड़े। इस मावठ ने किसानों के चेहरे पर खुशी ला दी। उन्हें इससे फसल में फायदे की उम्मीद जगी है।

जयपुर में दोपहर दो बजे के बाद तेज ठंडी हवाएं चली और मौसम ने करवट बदल ली। बादलों से आसमान घटाटोप हो गया। कुछ ही देर में तेज बारिश शुरू हो गई। इसके बाद यहां मौसम ने कई रंग बदले। कभी घने बादल छाने से अंधेरा छाया रहा तो कभी धूप भी निकली, कभी बूंदाबांदी, तो कभी तेज बारिश हुई। प्रायः यही हाल प्रदेश के अधिकांश जिलों का रहा। तकरीबन समूचे सूबे में हल्की बूंदाबांदी का दौर शनिवार देर रात से शुरू हो गया था। गुलाबी नगर के आसपास चौमूं, शाहपुरा, किशनगढ़ रेनवाल, जमवारामगढ़ और सांगानेर सहित कई इलाकों में शनिवार रात से ही बारिश शुरू हो गई थी जो रविवार देर रात को भी जारी रही।

## जयपुर में दोपहर बाद तेजी से गिरा पारा $14^0$ C तक लुढ़का



@ जेएलएन मार्ग

फोटो: पंकज शर्मा

### कहां कितनी हुई बारिश

मौसम केंद्र, जयपुर ने रविवार दोपहर को प्रदेश के कई जिलों में हुई बारिश की रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के मुताबिक झुंझुनूं जिले के मंडावा में 6.0 एमएम, चिड़ावा में 5.0 एमएम, मलसीसर में 4.0 एमएम, खेतड़ी में 3.0 एमएम, पिलानी में 3.3 एमएम, झुंझुनूं शहर में 3.0 एमएम, भुहाना इलाके में 3.0 और उदयपुरवाटी में 1.0 एमएम बारिश दर्ज की गई। इसी तरह सीकर के रामगढखेतान में 2.0, दातारामगढ में 1.0 एमएम बारिश हुई। अलवर जिले के कोटकासिम में 5.0 एमएस, नीमराना में 3.0 एमएम, टपूकड़ा में 3.0 एमएम, तिजारा में 2.0 एमएम, थानागाजी में 2.0 एमएम और बहरोड़ में 1.0 एमएम बारिश दर्ज की गई।

### हनुमानगढ़ में सर्वाधिक वर्षा



हनुमानगढ जिले के गोलूवाला में सर्वाधिक 21 एमएम बारिश दर्ज की गई। साथ ही, बीकानेर जिले के डूंगरगढ़ और हनुमानगढ शहर में 10-10 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। हनुमानगढ जिले के संगरिया में 7.0, श्रीगंगानगर के अनूपगढ़ तहसील में 6.0, हनुमानगढ जिले के टिब्बी में 5.0, बीकानेर जिले के पूगल में 5.0, चूरू जिले के रतनगढ़ में 4.0, हनुमानगढ जिले के नोहर में 4.0, श्रीगंगानगर शहर में 4.0 बारिश दर्ज की गई। बीकानेर शहर में 3.4, जैसलमेर जिले के पोकरण में 3.0, चूरू शहर में 3.0, श्रीगंगानगर जिले के सादुलशहर में 3.0, नागौर जिले के जायल में 3.0, पीलीबंगा में 3.0, चूरू शहर में 2.8, सादुलपुर में 2.0, सरदारशहर में 2.0, लूणकरणसर में 2.9, नोखा में 1.0, जैसलमेर के सम में 1.9 बारिश दर्ज की गई।

### आज कई जगह मौसम शुष्क!

5 फरवरी से राज्य के अधिकांश भागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। 5 फरवरी को प्रातः के समय कहीं-कहीं घना कोहरा दर्ज होने व 6 फरवरी से न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री गिरावट होने की संभावना है।

### 11 केवी की लाइन टूटी, किसान की मौत

ब्यावर के रायपुर उपखंड के लिलाम्बा गांव में तेज हवा और बारिश के चलते 11 केवी की विद्युत लाइन टूट कर सड़क के बीच गिर गई। इस दौरान उधर से गुजर रहा बाइक सवार किसान दीपाराम तार की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गया, वहीं बाइक जलकर कबाड़ हो गई। दीपाराम को अजमेर रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

## मुख्यमंत्री बनने के बाद भजनलाल शर्मा का पहला हाड़ौती दौरा

# ERCP को लेकर मिशन मोड पर सरकार CM ने बांधों का किया हवाई निरीक्षण

बेधड़क | जयपुर/कोटा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ रविवार को संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक (एकीकृत ईआरसीपी) परियोजना के पूर्व-निर्मित एवं प्रस्तावित मुख्य घटकों बीसलपुर बांध, मेज बैराज, कालीसिंध बांध, चंबल क्रासिंग, नवनेरा बैराज, डूंगरी बांध, रामेश्वर घाट, ईसरदा बांध का हवाई सर्वेक्षण किया।

इस दौरान सीएम ने कहा कि एकीकृत ईआरसीपी परियोजना के मूर्त रूप लेने से पूर्वी राजस्थान की दशकों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के दो मुख्य घटकों नवनेरा बांध एवं ईसरदा बांध को जोड़ने से चंबल और यमुना नदियों का व्यर्थ बह जाने वाला पानी सिंचाई एवं पेयजल आवश्यकताओं के लिए उपयोग में आ सकेगा। परियोजना के इस चरण में कालीसिंध नदी पर बने नवनेरा बांध का अतिरिक्त जल बनास नदी में छोड़कर ईसरदा बांध तक लाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने परियोजना के दो निर्माणाधीन मुख्य घटकों नवनेरा बैराज एवं ईसरदा बांध के निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया व कार्यस्थल पर आमजन से संवाद किया। उन्होंने अधिकारियों को परियोजनाओं की गुणवत्ता के सभी मापदंड पूरे करते हुए समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने संशोधित परियोजना के त्वरित क्रियान्वयन के लिए शीघ्र भूमि अवाप्ति के लिए कार्यालय खोले जाने, अधिकारियों की नियुक्ति किए जाने व इस प्रक्रिया को शुरू करने के संबंध में निर्देश प्रदान किए। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन विभाग अभय कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।



### बांध का काम 90 प्रतिशत पूर्ण

सीएम भजन लाल शर्मा और गजेंद्र सिंह शेखावत निर्माण किए जा रहे बांध का निरीक्षण किया तो अधिकारियों ने सीएम को कहा कि बांध का करीब 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इससे पूर्व सीएम भजनलाल ने चंबल नदी पर बने राणा प्रताप बांध और जवाहर सागर बांध का भी हवाई सर्वेक्षण किया।

### 170 किमी दूर जाएगा नदियों का सरप्लस पानी

ईआरसीपी प्रोजेक्ट के तहत हाड़ौती की नदियों के सरप्लस पानी को 170 किमी दूर तक ले जाया जाएगा। इसके लिए पंपिंग, ग्रेविटी चैनल एस्कैप, ग्रेविटी फीडर, कैनाल, सुरंग और पानी के लिए पुलिया बनेगी। करीब 40,000 करोड़ से ज्यादा की परियोजना में 2 लाख हेक्टेयर जमीन को संचित करना और करीब 62 लाख की आबादी को पेयजल उपलब्ध कराना है। ईआरसीपी से हाड़ौती के चारों जिलों बारां, बूंदी, कोटा और झालावाड़ के अलावा सवाई माधोपुर, अजमेर, टोंक, जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, भरतपुर और धौलपुर को फायदे का दावा किया जा रहा है।

### सीएम के दौरे पर गैर हाजिर रहा जेईएन सस्पेंड


मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधिकारी कर्मचारियों को भी उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया था, लेकिन बूढ़ादीत सुल्तानपुर के कनिष्ठ अभियंता अशोक कुमार मीणा मौके पर मौजूद नहीं थे। ऐसे में उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए मंत्री हीरालाल नागर के निर्देश पर उन्हें निलंबित किया गया है।

## यूपी ATS ने दबोचा, मॉस्को से ISI को भेज रहा था आर्मी के सीक्रेट्स

# मेरठ से पाकिस्तान का जासूस अरेस्ट

एजेंसी | मेरठ

उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ते के हाथ बड़ी सफलता लगी है। एटीएस ने एक पाकिस्तानी इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस (ISI) एजेंट को गिरफ्तार किया है। वह मॉस्को में भारतीय दूतावास में तैनात था। भारतीय कर्मचारी होने के बावजूद वह आईएसआई को आर्मी के सीक्रेट्स दे रहा था। आरोपी को मेरठ से गिरफ्तार किया गया है। आईएसआई एजेंट का नाम सत्येंद्र सिवाल



पुत्र जयवीर सिंह है। वह हापुड़ जिले में देहात थाना क्षेत्र के शाहमहीउद्दीनपुर गांव का रहने वाला है। सत्येंद्र 2021 से रूस में भारतीय दूतावास में तैनात था। उसने वहां भारत आधारित सुरक्षा सहायक के रूप में काम किया।

### ISI: महिला जासूस ने बिछाया था जाल

पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की महिला जासूस ने फर्जी नाम और पता बताकर भारतीय दूतावास के कर्मचारी सत्येंद्र को हनी ट्रैप में फंसा लिया था। वर्ष 2021 में जब सत्येंद्र की तैनाती रूस स्थित भारतीय दूतावास में हुई उसी समय सत्येंद्र को आईएसआई ने टारगेट किया था। इसके बाद एक फर्जी नाम से आईएसआई की महिला जासूस ने सत्येंद्र से पहले सोशल मीडिया और इसके बाद फोन पर बातचीत शुरू कर दी थी। दोनों के बीच अक्सर वीडियो कॉल भी होती थी। इसी बात का फायदा उठाकर आईएसआई की महिला जासूस ने सत्येंद्र से तमाम गोपनीय जानकारियां हासिल कीं।

## जरूरी खबर

### झारखंड विधानसभा में फ्लोर टेस्ट आज



**रांची।** झारखंड में नए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन शपथ ग्रहण के 3 दिन बाद सोमवार को विधानसभा में बहुमत साबित करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी फ्लोर टेस्ट में शामिल होंगे। फिलहाल, वह प्रवर्तन निदेशालय (ED) की कस्टडी में हैं। जमीन घोटाले में गिरे हेमंत सोरेने को सीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा था। इसके बाद ईडी का शिकंजा उन पर कसता चला गया। इसके बाद सोरेन परिवार के सिपहसालार चंपई सोरेन को 2 फरवरी को राज्य के 12वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ दिलाई गई।

■ पेज 7 भी देखें

### इसरो की महिला रोबोट को अंतरिक्ष भेजने की तैयारी

**बेंगलुरु।** इसरो ने महिला रोबोट को अंतरिक्ष भेजने की तैयारी कर ली है। इसरो का यह कदम गगनयान मिशन से पहले का बड़ा कदम है। सूर्य मिशन के बाद अब गगनयान मिशन की तैयारी चल रही है। यह भारत का पहला मानवयुक्त मिशन होगा। इससे पहले इसरो एक महिला रोबोट को अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी पूरी कर चुका है। आंख-नाक वाली इस महिला रोबोट का गगनयान से पहले अंतरिक्ष में जाना मिशन के लिए बहुत जरूरी है। इस साल की तिमाही तक इसके अंतरिक्ष में उड़ान भरने की उम्मीद है। इसरो चीफ एस सोमनाथ कह चुके हैं कि 2024 गगनयान की तैयारियों का वर्ष है।

## जेएलएफ: शशि थरूर के बेबाक बोल

# ‘हम एंटी हिंदू नहीं... हमारी पार्टी के अस्सी फीसदी नेता हिंदू’

- जब जनता मुझे राजनीति से बाहर कर देगी, तब रोमांस पर लिखने की सोचूंगा
- अभी कई महत्वपूर्ण मुद्दे हैं हमारे देश में, जिन पर ध्यान देने की जरूरत है
- राम मंदिर को राजनीतिक मंच नहीं बनाना चाहिए, वह तो आस्था का विषय

बेधड़क | जयपुर

अपनी बात बेबाकी से रखने के लिए मशहूर और राजनीति के अलावा भी कई क्षेत्रों में हमेशा चर्चा में रहने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केरल के तिरुवनंतपुरम के सांसद शशि थरूर ने कहा कि हमारी पार्टी पर हिंदू विरोधी होने का आरोप गलत है, हमारी पार्टी कांग्रेस में अस्सी प्रतिशत से अधिक नेता हिंदू ही हैं, तो पार्टी हिंदू विरोधी कैसे हो सकती है। हां, यह स्टैंड जरूर है कि भारत 80 प्रतिशत हिंदुओं का देश हैं, लेकिन 20 प्रतिशत गैर हिंदुओं का भी सम्मान है। संविधान में सबको बराबरी का अधिकार है।

थरूर ने रविवार शाम जेएलएफ में मीडिया से बातचीत में ‘रोमांस’ पर नॉवेल लिखने के सवाल पर कहा कि उन्होंने करीब 21 साल पहले रायट (ROIT) नॉवेल लिखा था, जिससे सब लोग समझे थे कि इसमें रोमांस नहीं होगा, दंगा ही दंगा होगा, अलबत्ता इसमें एक कपल का प्रेम भी था, जिसके बारे में लोगों ने पढ़कर जाना। अभी देश में बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे हैं जिन पर लिखा जाना चाहिए, जिन्हें तवज्जो दी जानी चाहिए। हां, अगर जनता ने मुझे राजनीति से विदा कर दिया तो मैं जरूर फिर से लिखने लगूंगा, और शायद तब रोमांस पर भी लिखूंगा।



### राम मंदिर पर यह बोले थरूर

राम मंदिर पर बात करते हुए थरूर ने कहा कि राम मंदिर को राजनीतिक मंच बनाया गया। प्रधानमंत्री पुरोहित थोड़े हैं, जो वे पूजा करने गए थे। मैं अयोध्या चुनाव के बाद जाऊंगा। मैं मंदिर प्रार्थना करने जाता हूं, राजनीति करने नहीं।

**लोकसभा चुनाव के लिए यह रणनीति:** सांसद शशि थरूर ने विपक्षी एकता का हवाला देकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2024 में जनता तय करेगी कि उनके लिए सही विकल्प क्या है? हम 2024 में लोगों से कहेंगे, रामलला के बारे में मत सोचिए। यह सोचिए कि आपकी जेब में कितना पैसा है? आपको रोजगार मिला? आपका बैंक अकाउंट कितना है? क्या आपकी जिंदगी बेहतर हुई या नहीं हुई? मुझे विश्वास है कि अगर यह सवाल पूछेंगे, तो जवाब अलग मिलेगा।

**समाधान देने वाले विकल्प की जरूरत:** कांग्रेस नेता शशि थरूर ने चिंता जताई है कि भारत के संवैधानिक ढांचे में बदलाव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बहुमत की आड़ में देश चुनावी लोकतंत्र के बजाय चुनावी तानाशाही में बदल रहा है। भारतीय राजनीतिक परिदृश्य व्यक्ति केंद्रित हो गया है। अब देश को एक ऐसे वैकल्पिक नेतृत्व की जरूरत है, जो जनता जनार्दन की बात सुने, उसकी जरूरतों को समझे और समाधान निकाले।

■ जेएलएफ की अन्य खबरें पेज 9 पर भी

## जरूरी खबर

### वन मंत्री ने किया कैंसर थैरेपी वार्ड का लोकार्पण



**बेधड़क. जयपुर।** वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा ने विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर अलवर जिला स्थित राजकीय राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय में करीब 2 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित 50 बैड के कैंसर थैरेपी वार्ड का लोकार्पण किया। इस दौरान मंत्री शर्मा ने कहा कि कैंसर थैरेपी वार्ड से कैंसर रोगियों को स्थानीय स्तर पर बेहतर उपचार सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जीवनशैली में आ रहे परिवर्तन एवं रासायनिक पदार्थो के अविवेकपूर्ण उपयोग से अनेक बीमारियां हो रही है जिसमें कैंसर सबसे गंभहै। जागरूक रहकर इससे बचा जा सकता है।

### अध्यापक भर्ती मामले में मजबूत पैरवी की मांग

**बेधड़क. जयपुर।** तृतीय श्रेणी अध्यापक भर्ती 2022 लेवल-1 में नियुक्ति से वंचित चयनित अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक हटाने के लिए सरकार से मजबूत पैरवी की मांग है। इसके लिए अभ्यर्थियों की ओर से लगातार विधायकों और मंत्रियों के नाम ज्ञापन दिए जा रहे हैं। अभ्यर्थी धीरज शर्मा और रचना ने बताया कि 21 हजार पदों की भर्ती में 19,521 चयनितें में से 15,486 अभ्यर्थियों को तो नियुक्ति मिल चुकी हैं। जबकि 3931 चयनित अभ्यर्थियो को हाईकोर्ट में प्रश्न विवाद चलते नियुक्ति नहीं मिल रही है। सरकार एजी से हाईकोर्ट में मजबूत पैरवी करवाकर नियुक्ति पर रोक हटवाए।

### किसानों के उत्थान के लिए सरकार प्रतिबद्ध: बेढम



**बेधड़क. जयपुर।** गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने रविवार को सर्किट हाउस में विभाग की समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पशुपालकों, दुग्ध उत्पादकों एवं किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाए जाने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें लाभांवित कराया जाए। उन्होंने पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक को निर्देश दिए कि दो माह में जिले के सभी पशुओं को खुरपका व मुंहपका रोग की वैक्सीन लगवाना सुनिश्चित कराएं। नस्ल सुधार कार्यक्रम के तहत जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर पशुपालकों को इसके लिए प्रोत्साहित करें।

## विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अहमदाबाद में सिंधी सम्मेलन को किया संबोधित

# विकसित भारत के संकल्प में सिंधी समाज निभाए भागीदारी

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि सिंधी समाज को विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। हस सब मिलकर भारत को विकास के रास्ते पर ले जाएं।

सिंधी समाज देश के विकास में बराबर का भागीदार बने। उन्होंने कहा की सिंधी समाज व्यापार और उद्योग में अग्रणी है। समाज की टैक्स में भागीदारी 24 फीसदी है। वहीं देवनानी ने सिधी समाजबंधुओं से संस्कृति के संरक्षण का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सिंधी अपनी एक विशिष्ट सभ्यता है। देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी समाज का योगदान है। इसे हमें ओर आगे ले जाना होगा। आने वाले सालों में भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में खड़ा करना केंद्र सरकार की प्राथमिकता है। इसमें सभी देशवासियों का योगदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज केंद्र सरकार की योजनाओं से करोड़ों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। वहीं देश की साख भी विदेशों में बढ़ रही है। देवनानी रविवार को सुबह जयपुर से अहमदाबाद पहुंचे और वहां सिंधी सम्मेलन को संबोधित किया। देवनानी ने कहा कि हम सभी को भारतीय संस्कृति का वाहक बनना होगा।



### सिंधी भाषा प्राचीन और मधुर

राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद् और सिंधु सेवा समाज के सहयोग से सिंधु भवन अहमदाबाद में सिंधु कीर्ति रत्न समारोह में देवनानी ने कहा कि हमें अपनी मातृभूमि पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सिंधी भाषा प्राचीन और मधुर भाषा है। उन्होंने सम्मेलन में सिंधी भाषा के विकास पर चर्चा करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि आज पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव से हम अपनी परंपरागत भाषा से दूर होते जा रहे हैं। नई पीढ़ी को अपनी भाषा के प्रति जागरूक करना होगा। उन्होंने घर-परिवार और सामाजिक आयोजनों में परंपरागत भाषा के उपयोग पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों को हम अपनी परंपरागत भाषा से दूर नहीं करें।

### अर्थव्यवस्था के विकास में बनना होगा सहायक

देवनानी ने कहा कि सिंधी समाज को देश की अर्थव्यवस्था को विश्व में आगे लाने के लिए प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा राष्ट्रगान में भी सिंध का उल्लेख है। यह हमारी पहचान है और हम अंतरात्मा के साथ देश के विकास से जुड़े हुए हैं। देवनानी ने कहा कि गरीबों के उत्थान में समाज मदद करें। उन्होंने कहा कि हमेशा से भारत विश्व गुरु था, है और रहेगा। समाज को देश के सभी क्षेत्र के विकास में योगदान देना होगा। अहमदाबाद पहुंचने पर प्रवासी राजस्थानी बंधुओं एवं सिंधी समाज की ओर से दिए गए स्नेह और सम्मान के लिए देवनानी ने आभार व्यक्त किया।

## इंडिया स्टोन मार्ट के समापन पर उद्योग मंत्री राठौड़ बोले...

# राजस्थान के पत्थर भी दुनिया में रखते हैं अपनी अलग पहचान

■ 2 हजार 981 करोड़ रुपए के व्यापारिक प्रस्ताव पर लगी मुहर

बेधड़क | जयपुर

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने रविवार को चार दिवसीय इंडिया स्टोन मार्ट के समापन समारोह में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजस्थान की धरा से निकलने वाले पत्थर भी दुनिया में अपनी अलग पहचान रखते हैं। उन्होंने कहा कि हम रहें या न रहें, लेकिन पत्थर हमेशा रहेंगे। राजस्थान से निकलने वाले पत्थर अद्वितीय हैं और विश्व में अपनी एक अलग पहचान रखते हैं।

इस दौरान उन्होंने राज्य में निवेश एवं व्यापार को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार की तरफ से सभी संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। राठौड़ ने बताया कि इंडिया स्टोन मार्ट-2024 के 12वें संस्करण में कुल 948 व्यापारिक बैठकें हुई। इसमें 2 हजार 981 करोड़ रुपए के व्यापारिक प्रस्ताव पर चर्चा के बाद मुहर लगी। आयोजन में 150 अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों एवं 189 मशीनरी एवं टूल्स एग्जीबिटर्स ने भी भाग लिया। मंत्री राठौड़ ने समापन समारोह में सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार भी भेंट किए। उन्होंने पत्थर उद्योगों के प्रति राजस्थान सरकार के प्रयासों की चर्चा करते हुए सभी व्यापारियों एवं निवेशकों का राजस्थान की धरती पर स्वागत किया। उन्होंने राजस्थान की खूबियों के हिसाब से व्यापार सुलभ करवाने की बात कही और साथ ही सभी संबंधित बाधाओं को दूर करके एकल विंडो क्लियरनेंस की व्यवस्था की प्रतिबद्धता दोहराई।




### खनिज उद्योग को बढ़ाने के लिए संयुक्त प्रयास जरूरी

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राठौड़ ने राजस्थान के खनिज पत्थर तथा इससे संबंधित उद्योगों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए सभी प्रतिभागियों से बहुस्तरीय स्तर पर कार्य करने और संयुक्त प्रयास को जरूरी बताया। इससे सरकार अपनी पहुंच बढ़ा सके एवं निवेश और व्यापार में समुचित मदद कर सके। इस दौरान कर्नल राठौड़ ने व्यापार, व्यवहार और विस्तार की परिकल्पना को साकार करते हुए भारत को 2029 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में पत्थर उद्योग के योगदान को सहायक बताया साथ ही इस क्षेत्र में उद्यमिता को बढ़ाने के लिए लोगों को प्रेरित किया और कहा कि राज्य के योगदान को विकसित भारत संकल्प में सिद्ध करें। प्रमुख शासन सचिव, उद्योग एवं वाणिज्य अजिताभ शर्मा ने इस आयोजन को पत्थर उद्योग से सबंधित सबसे बड़े आयोजनो में से एक बताया। उन्होंने व्यापार में ईज आफ डूइंग को बढ़ावा देने के लिए सुगम और सुलभ वातावरण उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया।

### पत्थर उद्योग विकास के लिए बने रोडमैप

सीडॉस के उपाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता ने पत्थर उद्योग को एक नए आयाम तक ले जाने के लिए रोडमैप तैयार करने की बात कहीं। समारोह में फिक्की के निदेशक अतुल शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए पत्थर उद्योग को एक नए दृष्टिकोण के साथ देखने और इस क्षेत्र को नई बुलंदी पर ले जाने की बात कही। गौरतलब है कि इंडिया स्टोनमार्ट स्टोन सेक्टर से जुड़े उद्यमियों, सेवा प्रदाताओं, मैन्युफैक्चरर्स, कारोबारी जैसे एग्जीबिटर्स को दुनिया भर के उपभोक्ताओं के बीच अपने उत्पादों, सेवाओं और ब्रांडिंग को बढ़ावा देने के लिए विश्व स्तरीय मंच प्रदान करता है। समारोह में रीको के प्रबंध निदेशक सुधीर कुमार शर्मा, उद्योग आयुक्त हिमांशु गुप्ता, सेंटर फॉर डवलपमेंट ऑफ स्टोन मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकुल रस्तोगी एवं अन्य प्रतिभागी मौजूद रहे।

## झालाना में हुआ सम्मान समारोह

# एक मंच पर आए पक्ष विपक्ष के नवनिर्वाचित एससी-एसटी विधायक



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विधानसभा में इस बार चुनकर आए पक्ष-विपक्ष के अनेक विधायक रविवार को एक मंच पर नजर आए। मौका था झालाना डूंगरी स्थित डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी के प्रांगण में आयोजित सम्मान समारोह का।

मंत्री और विधायकों के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम डॉ. प्रेम चंद बैरवा थे। वहीं अध्यक्षता मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने की। सोसायटी के महासचिव जीएल वर्मा और संगठन सचिव महेश धावनिया ने बताया कि समारोह में विधायक हरीश चन्द्र मीणा, सीएल प्रेमी बैरवा, पितराम काला, गोरधन, घनश्याम मेहर, संजय जाटव, शोभा चौहान, इंद्रा मीना, नौक्षम चौधरी, रामसहाय वर्मा, अनीता जाटव, मांगेलाल मीणा, महेन्द्रपाल मीणा, राजेन्द्र मीना, डॉ. ऋतु बनावत, लालराम बैरवा, विक्रम बंशीवाल, डॉ. विश्वनाथ मेघवाल, रामकेश मीना और पूर्व राज्यसभा सांसद रामकुमार वर्मा का साफा, शॉल, माला व संविधान की उद्देशिका भेंटकर सम्मान किया गया। समारोह में उपमुख्यमंत्री, मुख्य सचेतक व सभी विधायकों ने अनुसूचित जाति के विभिन्न मुद्दों पर पार्टी लाइन से ऊपर हटकर समाधान करवाने का आश्वासन दिया और अनुसूचित जाति और जनजाति की एकता पर बल दिया। सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने कहा कि राजस्थान में इस प्रकार का यह पहला आयोजन किया गया है।

भाजपा ने डॉ. प्रेमचंद बैरवा को उप मुख्यमंत्री बनाकर अनुसूचित जाति को प्रतिनिधित्व दिया। वहीं कांग्रेस ने पहली बार अनुसूचित जाति के टीका राम जूली को नेता प्रतिपक्ष बनाया है। यह सब राजस्थान में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की एक तिहाई आबादी को विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा दिए गए महत्व को भी प्रदर्शित करता है। सोसायटी के महासचिव जीएल वर्मा ने सोसायटी के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी।

### मुख्यमंत्री से महाधिवक्ता की शिष्टाचार भेंट



*जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से प्रदेश के नवनियुक्त महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने रविवार शाम को ओटीएस स्थित निवास पर मुलाकात की। नियुक्ति के बाद सीएम से उनकी यह पहली शिष्टाचार भेंट थी।*

## 25 फरवरी को पंचायती राज्य संस्थान सभागार में होगा आयोजन

# अधिवेशन में जुटेंगे प्रदेशभर के टूर ऑपरेटर

बेधड़क | जयपुर

बस आपरेटर एसोसिएशन राजस्थान की ओर से 25 फरवरी को जयपुर में महाअधिवेशन आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर रविवार को एसोसिएशन की ओर से आयोजित प्रेसवार्ता में जानकारी दी गई।

संस्थान के जयपुर संभाग अध्यक्ष कैलाश चंद शर्मा ने बताया कि महाअधिवेशन 25 फरवरी को पंचायती राज्य संस्थान के ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। इसमें राजस्थान के बस ऑपरेटर शामिल होंगे। महाअधिवेशन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अलावा उपमुख्यमंत्रियों, परिवहन मंत्री, परिवहन आयुक्त, परिवहन विभाग के प्रमुख शासन सचिव एवं सभी आरटीओ, डीटीओ और पड़ोसी राज्यों के परिवहन आयुक्तों को भी आमंत्रित किया जाएगा। महाअधिवेशन के दौरान राज्य में नई परिवहन नीति लागू करने, जनता को सुगम, स्वच्छ बस यात्रा सुविधा, नेशनलाइजेशन मार्गों को डी नेशनलाइजेशन कर अधिक से अधिक अनुज्ञा पत्र जारी करने, पड़ोसी राज्यों के समान मोटर वाहन टेक्स का सरलीकरण करने जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इन विषयों पर सरकार का ध्यान दिलाने पर भी चर्चा होगी। इसके साथ ही टूर आपरेटरों की समस्याओं एवं उनके समाधान को लेकर भी विशेषज्ञों की ओर से चर्चा की जाएगी। शर्मा ने बताया कि प्रदेशभर के यात्री बसों के स्वामियों का द्वितीय महाकुंभ होगा। प्रथम अधिवेशन दो वर्ष पूर्व देवली में आयोजित किया गया था। वहीं जयपुर में पहली बार यह आयोजन हो रहा है। इसमें राज्य के समस्त बस ऑपरेटर उपस्थित रहेंगे।



## फीडबैक लेने पहुंचे नेताओं के सामने हंगामा

# बैठक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का दर्द छलका, पूर्व सांसद को बोलने से रोका

बेधड़क | जयपुर

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस की सक्रियता ओर तेज हो गई है। प्रत्याशी चयन को लेकर बैठकों का दौर चल रहा है और क्षेत्रवार फीडबैक लिए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में रविवार को पूर्व मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद जैन भाया और प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष राखी गौतम श्रीगंगानगर पहुंचे। यहां दोनों नेताओं ने जिले के पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं संग बैठक की। इस बीच कांग्रेस कार्यकर्ताओं का दर्द छलक उठा। सबसे खास बात यह रही कि इस बैठक में शामिल हुए पूर्व सांसद भरत राम मेघवाल को कार्यकर्ताओं ने बोलने तक नहीं दिया। ऐसे में हालात बिगड़ने पर सादुलशहर के पूर्व विधायक जगदीश जांगिड़ और जिला कांग्रेस प्रभारी जिया उर रहमान ने बीच बचाव कर कार्यकर्ताओं को शांत कराया।



जानकारी के अनुसार कांग्रेस के जिला कार्यालय में दोनों नेताओं का प्रत्याशी चयन के लिए फीडबैक कार्यक्रम रखा गया था। ऐसे में श्रीगंगानगर लोकसभा क्षेत्र के 8 विधानसभाओं से टिकट के दावेदार इस बैठक में शामिल हुए थे, लेकिन कार्यालय में बैठने की व्यवस्था नहीं होने के कारण ज्यादातर कार्यकर्ता खड़े ही रहे। वहीं, जब मंच पर बोलने के लिए पूर्व सांसद भरत राम मेघवाल को आमंत्रित किया गया तो कार्यकर्ता राजेश थाकन और संजय धारीवाल एकदम से खड़े हो गए और कहा कि जो लोग टिकट के लिए आवेदन कर रहे हैं, उन्हें मंच पर न बुलाया जाए।

इतना ही नहीं कुछ कार्यकर्ताओं ने कहा कि अव्यवस्था व कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान न मिलने के कारण ही आज कांग्रेस प्रदेश की सत्ता से बाहर है। वहीं, मामला बढ़ते देख सादुलशहर के पूर्व विधायक जगदीश जांगिड़ और जिला कांग्रेस प्रभारी जिया उर रहमान ने बीच बचाव कर किसी तरह से विरोध कर रहे कार्यकर्ताओं को शांत कराया।

### टिकट के दावेदारों से वन-टू-वन मुलाकात

बैठक के बाद पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया और प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष राखी गौतम ने टिकट के दावेदारों से वन-टू-वन मुलाकात की। उन्होंने कहा कि वे टिकट के दावेदारों और कार्यकर्ताओं की भावनाओं को शीर्ष नेताओं तक रखेंगे और उन्हें उम्मीद है कि टिकट वितरण के दौरान इन भावनाओं का पूरा ख्याल रखा जाएगा। इस दौरान दावेदारों से लोकसभा क्षेत्र को लेकर भी बातचीत की गई। साथ ही दावेदारों की जमीनी हकीकत भी तलाशी गई।

### भाजपा झूठ बोलकर करती है भ्रमित

फीडबैक बैठक लेने पहुंचे पूर्व मंत्री भाया ने कहा कि भाजपा बड़ी सफाई से एक झूठ को कई बार बोलकर लोगों को भ्रमित करती है। जबकि कांग्रेस नेता सही ढंग से प्रचार प्रसार तक नहीं कर पाते। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की ओर से बनाए गए जिलों में से 7 जिलों से सामने आई आपत्तियों को लेकर पूर्व मंत्री भाया ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बड़ी सहजता से जहां-जहां डिमांड थी वहां जिले बनाए, लेकिन अब भाजपा की सरकार आ गई है। ऐसे में अब यह उनका काम है कि वो जिलों को रद्द करते हैं या फिर बनाए रखते हैं।

# बेधड़क मुलाकात: भाजपा राष्ट्रीय सचिव डॉ. अलका गुर्जर को विनायक शर्मा ने भेंट की रामलला की तस्वीर





**जयपुर।** भाजपा की राष्ट्रीय सचिव डॉ. अलका गुर्जर रविवार को 'सच बेधड़क' मीडिया ग्रुप के कार्यालय पधारीं। डॉ. अलका गुर्जर को 'सच बेधड़क' मीडिया ग्रुप के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने भगवान श्री राम लला की तस्वीर भेंट की। सच बेधड़क मीडिया ग्रुप की कार्यशैली और सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए डॉ. अलका गुर्जर ने विनायक शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## किड्स बैडमिंटन में जूनियर्स ने दिखाया दमखम



**जयपुर।** टेबलिंटन में एसएमएस इंटरनेशनल स्टेडियम में रोचक मुकाबले हुए। टूर्नामेंट के मुख्य संयोजक डॉ. सौरभ जैन ने बताया कि डॉक्टर्स और उनके परिजनों के टूर्नामेंट में बैडमिंटन, टेबल टेनिस और कैरम के मुकाबले खास हैं। संयोजक डॉ. मणि दुबे व डॉ. दिवाकर भार्गव ने बताया, कि किड्स बैडमिंटन टीम इवेंट मुकाबलों में लीग मैचेज खेले गए। प्रियूश हॉस्पिटल, कोकून हॉस्पिटल, यूरो फर्स्ट हॉस्पिटल तथा ज्योति हॉस्पिटल सेमीफाइनल में पहुंचे। ओपन मुकाबलों में 13 से 16 वर्ष के बच्चों में तनय कांकरिया, ज्योतिरादित्य को हराकर फाइनल में पहुंचे। दूसरे सेमीफाइनल में देवांश गुप्ता ने वात्सल्य राठौड़ को हरा फाइनल में प्रवेश किया।

## 15वीं जयपुर मैराथन में स्वच्छता का संदेश देने दौड़े एक लाख से अधिक रनर्स

# ठंड और बारिश में 'हौसलों की दौड़'

**बेधड़क | जयपुर**

भोर की पहली किरण का इंतजार और हल्की बारिश भी जयपुर के जज्बे और उत्साह को कम करने में नाकाम रही। मौका रहा मैराथन का। वर्ल्ड ट्रेड पार्क और संस्कृति युवा संस्था की 15वीं मैराथन में बच्चों, युवा एवं बुजुर्गों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। करीब एक लाख लोगों ने स्वच्छता का संदेश देते हुए मैराथन में दौड़ लगाई। 'जय श्री राम' के नारे के साथ 42 किमी फुल मैराथन रविवार तड़के अल्बर्ट हॉल के साउथ गेट से रवाना हुई। सुबह 5:30 बजे 21 किमी हाफ मैराथन शुरू हुई। दोनों में 18 देशों से आए रनर्स ने हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 10 किमी, 5 किमी और ड्रीम रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शार्क टैंक की विनीता सिंह और देश के 100 से ज्यादा ऑफिसर्स भी मैराथन में दौड़ते नजर आए। इस मौके पर सांसद रामचरण बोहरा, विधायक बालमुकंदाचार्य, महापौर सौम्या गुर्जर, डिप्टी मेयर पुनित कर्णावट, WTP चेयरमैन अनूप बरतरिया, पंडित सुरेश मिश्रा, ज्योति अग्रवाल, सचिन्दर बिंडर, गजेंद्र अग्रवाल, योगेश जैन, पूर्व मेयर ज्योति खंडेलवाल, संस्कृति युवा संस्था के संरक्षक एचसी गणेशिया, योग पीस संस्थान के गुरु ढाकाराम, रेस डायरेक्टर रवि गोयनका सहित अन्य उपस्थित रहे।



फोटो: पंकज शर्मा

**तन स्वस्थ तो मन स्वस्थ:** CM भजनलाल शर्मा ने कहा कि इस मैराथन में दिव्यांगजन और दृष्टिहीन धावकों ने भी प्रतिभा का परिचय दिया है। अगर तन स्वस्थ रहेगा तो मन भी स्वस्थ रहेगा।

### ये रहे विनर्स

- 42 किमी फुल मैराथन (पुरुष) - श्रवण कुमार बेनीवाल (2 घंटे 31 मिनट 04 सेकंड)
- 42 किमी फुल मैराथन (महिला) - चतरू (3 घंटे, 02 मिनट, 19 सेकंड)
- 21 किमी हाफ मैराथन (पुरुष) - हेमराज गुर्जर (1 घंटा, 11 मिनट, 20 सेकंड)
- 21 किमी हाफ मैराथन (महिला) - केन्या से हिल्ड़ा तनुई (1 घंटे, 28 मिनट, 12 सेकंड)
- 10 किमी मैराथन (पुरुष) - मानव शर्मा (29 मिनट, 43 सेकंड)
- 10 किमी मैराथन (महिला) - प्रियंका कुमावत (38 मिनट, 42 सेकंड)

### मैराथन में बने दो विश्व रिकॉर्ड

मैराथन के सीईओ मुकेश मिश्रा ने बताया कि 15वीं एयू जयपुर मैराथन ने 'लार्जेस्ट ग्रुप ऑफ रनिंग वियरिंग जय श्री राम टी-शर्ट' और 'चीयरिंग ग्रुप ऑफ मैक्सिमम पीपल' सहित दो विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। पहले विश्व रिकॉर्ड में 12 हजार लोग 'जय श्री राम' प्रिंट श्रीराम की भगवा टी-शर्ट पहन और हाथों में गुब्बारे लेकर दौड़ लगाई। दूसरे रिकॉर्ड में दो हजार से अधिक लोग घंटियां और विसल बजाते हुए दौड़े। सीएम भजनलाल शर्मा ने मैराथन में बने गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और ऑक्सफोर्ड बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड अवॉर्ड आयोजक पंडित सुरेश मिश्रा एवं ज्योति अग्रवाल को भेंट किए।



### टांक ने 42 किमी का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा

वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर विष्णु टांक ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा। टांक ने टाटा मुम्बई फुल मैराथन 42 किलोमीटर 5.30 घंटे में पूरी की थी, वहीं अब जयपुर मैराथन में 42 किलोमीटर 5 घंटे में पूरी कर नया रिकॉर्ड बनाया। विष्णु टांक ने दौड़ अलबर्ट हॉल से अपेक्स सर्किल, पत्रिका गेट, बजाज नगर होते हुए वापस अल्बर्ट हॉल तक लगाई। इनके साथ आलोक, प्रगति, निकिता दूर्व, सुनील जैन, संजय, राज, रोहिल दौड़े। गौरतलब है, कि रनिंग स्टार विष्णु टांक कई नेशनल और इंटरनेशनल रेस में भाग ले चुके हैं।

## सीनियर-जूनियर नेशनल घुड़सवारी

# 106 घोड़ों और घुड़सवारों ने प्रतियोगिता में दिखाया जोश



**बेधड़क | जयपुर**

घुड़सवारों ने तुफानी जोश के साथ शानदार परफॉर्म किया। मौका रहा गुलाबी नगरी में भारतीय राष्ट्रीय घुड़सवारी संघ-दिल्ली की ओर से आयोजित की गई सीनियर-जूनियर नेशनल घुड़सवारी प्रतियोगिता का। सागर एकू एस्ट्रियन में हुई प्रतियोगिता में 106 घोड़ों व घुड़सवारों ने हिस्सा लिया। आयोजन सचिव भंवर लाल ने बताया कि देश के विभिन्न राज्यों से सीनियर, यंग राइडसर, जूनियर राइडर कैटेगरी में प्लेयर्स आए। प्रेसिडेंट ग्रांड जूरी के रूप में ले. कर्नल भरत सिंह, नीरव पटेल गौरव जोशी शामिल थे।

इस दौरान सीनियर कैटेगरी में मंगेज सिंह, यंग केटेगरी में पृथ्वी सिंह राज सिंह शेखावत, जूनियर कैटेगरी में रणवीर सिंह विजेता रहे। अब आगामी एनसीई एंडुरंस 60 किलोमीटर 2-3 मार्च को जयपुर में आयोजित की जाएगी। अंत में विजेता प्लेयर्स को ट्रॉफी और मैडल देकर सम्मानित किया गया तो वे रोमांचित हो उठे। अलग-अलग कैटेगरी के घुड़सवारों को अलग-अलग राउंड में सम्मानित किया गया। इस दौरान उनकी आयोजकों व जूरी के साथ फोटोज भी क्लिक हुए। इंटरनेशनल प्लेयर्स को जिस तरह सम्मानित किया जाता है, उसी तरह जयपुर में उनको गौरवान्वित महसूस कराया गया।

## तीर्थ स्थलों से पवित्र जल और मिट्टी मंगाई

# हिंगोनिया गोशाला में भगवान राम की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा



**बेधड़क | जयपुर**

हिंगोनिया गोशाला में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीता-राम, लक्ष्मण व भक्त हनुमान की प्राण प्रतिष्ठा की गई। भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के लिए अनेकों धार्मिक तीर्थ स्थलों से पूजन सामाग्री, पवित्र जल और मिट्टी मंगाई गई थी। इन पवित्र तीर्थों में अयोध्या, पुष्कर, उज्जैन, काशी विश्वनाथ, हरिद्वार और मिथिला शामिल थे। ऐसे में कार्यक्रम न केवल भक्तों को एक साथ लाया, बल्कि भारत के विभिन्न पवित्र स्थलों की आध्यात्मिकता को एक सूत्र में पिरोया। कार्यक्रम में स्वयं सेवकों, दानदाताओं और प्रायोजकों का समावेश था, जिन्होंने गोसेवा और प्रसाद वितरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन की विशेषता रही कि अयोध्या में श्री राम मंदिर के उद्घाटन के 13 दिन बाद में हुआ। इस प्रकार यह कार्यक्रम न केवल भक्तों को एक साथ लाया, बल्कि आध्यात्मिकता को बढ़ावा दिया। अयोध्या में मंदिर के उद्घाटन और यहां आयोजित कार्यक्रम के मध्य सेतु का निर्माण करते हुए इस आयोजन ने धार्मिक एकता और भाईचारे का संदेश दिया। श्री कृष्ण बलराम गोसेवा ट्रस्ट और हिंगोनिया गोशाला के प्रयास से लोगों की भावना और मजबूत हुई है।

## 500 लोगों ने शिविर का लाभ उठाया



**बेधड़क, जयपुर।** संत निरंकारी मिशन के शाखा कानोता ने जिला स्वास्थ्य समिति अंधता के सहयोग से गोल्डन आई हॉस्पिटल के द्वारा नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा, लैंस प्रत्यारोपण, स्वास्थ्य चिकित्सा व तंबाकू मुक्ति शिवर संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सहयोग से लगाया। शिविर में सामान्य रोग चिकित्सा परामर्श, होम्योपैथी, न्यूरोपैथी, एक्यूप्रेशर, दंत रोग, फिजियोथैरेपी संबंधित डॉक्टर्स जांच कर नि:शुल्क दवाईयां दीं। शिविर का उद्घाटन संत निरंकारी मिशन के जोन 20 बी के जोनल इंचार्ज सुनील बाली, ब्रांच संयोजक प्रभुदायल और डॉक्टर्स टीम ने मिलकर किया। जोनल इंचार्ज ने बताया कि अधिकतर ग्रामीण प्रवेश के गरीब लोग अपने स्वास्थ्य को लेकर ध्यान नहीं देते हैं और न ही चेकअप कराते हैं। ऐसे लोगों को स्वास्थ्य का लाभ व उनकी बीमारियों का निदान करने के लिए फाउंडेशन के सहयोग से शिविर लगाकर करीब 500 को लाभ पहुंचाया।

## गीतों की शाम में प्यार का मौसम




**बेधड़क. जयपुर।** गीतों की शाम ने जयपुराइट्स को फुहारों के साथ रूहानी अहसास दिलाया। मौका रहा नेट थिएट कार्यक्रमों की कड़ी में रवि जोसफ के गीतों का, जसमें संगीत का ऐसा मौसम बना की सर्द हवा में गर्मी का एहसास होने लगा। कार्यक्रम में युवा गायक, संगीतकार, गीतकार, रवि ने कंपोजिशन व लिखे हुए नगमे.. मासुम सी इन आखों में, तेरी याद आने लगी है... सुनाया तो दिल धड़कने लगे। उसके बाद उन्होंने साजन से लगा मन... नगमों को अपनी सुरीली आवाज में प्रस्तुत कर दर्शकों की वाह वाह पाई। कैमरा व प्रकाश मनोज स्वामी संगीत सागर गढ़वाल और मंच सज्जा जीवितेश शर्मा की रही।

**न्यूट्री फेस्ट** | **कैंसर से बचाव में खान पान की भूमिका पर चर्चा**

# गांवों में पारंपरिक खाने पर जोर, इसलिए कैंसर रोगी कम

**बेधड़क | जयपुर**

'हम अक्सर कहते हैं जैसा देश वैसा वेश तो देश के हिसाब से खान पान क्यों नहीं अपनाया जा रहा है? पारंपरिक खाद्य पदार्थों से दूरी बनाने के साथ-साथ अव्यवस्थित जीवन शैली भी कैंसर जैसी बीमारी का कारण है'।

वर्ल्ड कैंसर डे के अवसर पर आयोजित चर्चा सत्र में एसिस्टेंट प्रोफेसर प्रियदर्शी मीणा ने यह बात कही। जवाहर कला केन्द्र के शिल्पग्राम में जयपुर न्यूट्री फेस्ट में 'कैंसर के विरुद्ध जंग-कैंसर से बचाव में खान पान की भूमिका' चर्चा सत्र रखा गया। प्रो. प्रियदर्शी ने कहा, कि शहरों के मुकाबले गांवों में कैंसर के रोगी कम देखने को मिलते हैं। इसका मुख्य कारण है, कि वहां पारंपरिक खाद्य पदार्थों के सेवन के साथ जीवनशैली का ध्यान रखा जा रहा है।




### गेहूं-चावल पहुचाएंगे जहर की तरह नुकसान

ईसीएच कॉर्डिनेटर प्रो. सुमिता कच्छावा ने आईसीएमआर की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा, कि जो गेहूं और चावल हम अधिक मात्रा में खा रहे हैं। वे 10 साल के भीतर जहर की तरह नुकसान पहुंचाएंगे, क्योंकि इनके माइक्रोन्यूट्रिएंट में गिरावट आती जा रही है। उन्होंने बाजरे समेत अन्य मोटे अनाज खाने पर जोर दिया। डॉ. वंदना चौधरी ने कहा, कि हमें जीवन के प्रति सकारात्मक रवैया अपनाना चाहिए। जूलॉजी डिपार्टमेंट की एसिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. वंदना नूनिया ने कहा, कि कैंसर डिटेक्ट होने के बाद तुरंत उपचार लेना जरूरी है। सभी विशेषज्ञों के विचारों का यही मर्म सामने आता है, कि फास्ट फूड, स्ट्रेस, कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स कैंसर के प्रमुख कारण हैं और नेचुरल फूड कैंसर को रोकने में बड़ी भूमिका निभाता है।

**इनोवेटिव स्टार्टअप्स की जानकारी ली**

इस मौके पर बाबा आमटे दिव्यांग यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. देव स्वरूप ने फेस्ट में शिरकत की। उन्होंने हेल्दी ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स और इनोवेटिव स्टार्टअप्स की जानकारी ली। फेस्ट में जैसलमेर से पहुंचे लंगा कलाकारों ने लोक गीतों की प्रस्तुति से समां बांधा।

## जरूरी खबर

### बारातियों को सिखाया यातायात नियमों का पाठ



**जोधपुर।** जिले में रविवार को हुई एक अनूठी शादी चर्चा का विषय बनी रही। दरअसल बारात में जाने वाले यात्रियों को ट्रैफिक पुलिस की ओर से रूल्स फॉलो करने को लेकर जागरूक किया गया। ये नजारा जोधपुर के भदवासिया स्थित पीपा क्षत्रिय समाज के भवन में नजर आया। यहां पर दूल्हे आकाश की बारात पाली रवाना होने वाली थी। इससे पूर्व ट्रैफिक पुलिस की ओर से बारातियों को ट्रैफिक रूल्स को फॉलो करने, सीट बैल्ट लगाने, गाड़ी को सही और सुरक्षित तरीके से चलाने की सीख दी गई।

### गंदे पानी को लेकर महिलाओं ने किया विरोध प्रदर्शन

**उदयपुर।** जिले के भुवाणा क्षेत्र के चित्रकूट नगर बी ब्लॉक में नलों से गंदे पानी की सप्लाई होने से क्षेत्रवासी परेशान हैं। यहां कई दिनों से पीला और मटमैला पानी सप्लाई हो रहा है। इससे लोग बीमारी का शिकार हो रहे हैं। इसको लेकर रविवार को क्षेत्र की महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। महिलाएं बाल्टी और बोतलों में पानी भरकर चित्रकूट नगर बी ब्लॉक में एकत्रित हुईं। उन्होंने जलदाय विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द से जल्द पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्र की महिलाएं आंदोलन करेंगी। कोमल कुंवर, सोनिया कुंवर, प्रेम कुंवर चौहान और इन्दु शर्मा ने बताया कि गंदे पानी को नहीं पी सकते और इसे खाना बनाने के लिए उपयोग में नहीं ले सकते।

### वनविभाग की गाड़ी को टक्कर मारी, मामला दर्ज



**अलवर।** राजगढ़ रेंज के वनखंड रेणी के उंकेरी-भूडा क्षेत्र से अवैध खनन कर ले जा रहे ट्रैक्टर का पीछा कर रही वन विभाग की गाड़ी को टक्कर मार दी। इससे पहले वन विभाग के वनपाल सत्येंद्र सिंह और अन्य कार्मिकों ने पत्थरों से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली को रोकने की कोशिश की। इस दौरान तेज गति से आ रहा ट्रैक्टर गड्ढे में जा गिरा। सूचना पर पुलिस थाना रैणी की पुलिस तुरंत ही मौके पर पहुची। रेंजर दीपक मीणा ने बताया कि ट्रैक्टर चालक समेत दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इधर वन विभाग अधिनियम के तहत भी मामला दर्ज किया गया है।

**केंद्रीय वस्त्र एवं रेल राज्य मंत्री दर्शना जरदोष ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, स्पीकर बिरला भी वर्चुअल जुड़े**

# वॉकथॉन में डिफरेंट स्टाइल की साड़ी पहनकर पहुंची महिलाएं

**बेधड़क** | कोटा

दशहरा मैदान में आत्मनिर्भर भारत उत्सव के तहत हस्तशिल्प प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। प्रदर्शनी 3 फरवरी से शुरू हुई यह प्रदर्शनी 8 फरवरी तक चलेगी। इसके तहत रविवार को साड़ी वॉकथॉन आयोजित की गई।

केंद्रीय वस्त्र एवं रेल राज्य मंत्री दर्शना जरदोष कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंची। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर वॉकथॉन रवाना किया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने खुद भी इस वॉकथॉन में हिस्सा लिया और पैदल चलीं। इसके पहले दशहरा मैदान के विजय श्री रंगमंच पर



कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। इसमें प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, विधायक संदीप शर्मा, कल्पना देवी लमेत कई नेता मौजूद रहे। स्पीकर ओम बिरला ने वर्चुअल जुड़कर इस कार्यक्रम को संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री दर्शना जरदोष ने कहा कि भारत में हैंडलूम हैंडलिंग क्राफ्ट से सबसे ज्यादा महिलाएं जुड़ी हुई हैं। इस कार्यक्रम को लेकर हमारी थीम थी कि वॉक पर हम खुद के लिए चलें और संस्कृति को साथ लेकर चलें। उन्होंने अपनी पारंपरिक पहचान साड़ी को लेकर महिलाओं में अपार उत्साह है।

### अलग-अलग स्टाइल की साड़ियां पहनी

साड़ी वॉकथॉन में हजारों महिलाएं शामिल हुईं। रास्ते में कई जगह पुष्प वर्षा के साथ वॉकथॉन का स्वागत किया गया। वॉकथॉन में अलग-अलग स्टाइल में महिलाएं साड़ी पहन कर पहुंचीं। कोई झांसी की रानी बनकर पहुंची, तो कोई हाड़ी रानी, तो कोई पद्मावती तो किसी ने मराठी स्टाइल में साड़ी बांधी थी। वहीं कई महिलाएं मेवाड़ी स्टाइल में साड़ी पहने नजर आ रहीं थीं।

### देश को विकसित राष्ट्र बनाना हमारी प्राथमिकता

केंद्रीय मंत्री जरदोष ने कहा कि वर्तमान में अमृतकाल चल रहा है और 2047 तक भारत को विश्व गुरु और विकसित देश के रूप में स्थापित करना हमारी प्राथमिकता है। इन 25 सालों में हम सबको मिलकर काम करना है। महिलाओं को भी 33 फीसदी आरक्षण दिया गया है। राम मंदिर निर्माण के बाद सनातन धर्म और हमारी संस्कृति को लेकर हम साथ चल रहे हैं। चुनाव के बारे में सवाल पूछने पर उन्होंने कहा कि चुनाव आते-जाते रहते हैं, हम प्रजा के बीच में उन्हें एक अलग स्तर पर ले जाने के लिए काम कर रहे हैं।

### 15 राज्यों के हस्तशिल्पियों के उत्पादों का प्रदर्शन

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला की पहल पर यह प्रदर्शनी भारत के विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति और परम्पराओं से देशवासियों को परिचित करवाने के लिए आयोजित की गई। इसमें जम्मू-कश्मीर, हरियाण, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, आंध प्रदेश समेत 15 राज्यों के बुनकर और हस्तशिल्पी पहुंचे हैं। बुनकरों ने जहां हस्तनिर्मित साड़ियां, चादरें, सूट, दुपट्टे, स्टोल, शॉल, कपड़े आदि की स्टॉल लगाई है। वहीं हस्तशिल्पियों ने भी सजावटी आभूषण, जूट से बने पर्दे, थैले, जोधपुरी मोजड़ी व अन्य उत्पाद प्रदर्शित किए हैं।

**प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना**

# किसी भी फैसले के लिए CM करते हैं पर्ची आने का इंतजार

**बेधड़क** | जोधपुर

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की ओर से प्रदेश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में चलाई जा रही भारत जोड़ो यात्रा के तहत रविवार को प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली जोधपुर पहुंचे। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने प्रदेश भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने सीएम भजनलाल पर भी तंज कसा।

उन्होंने कहा कि राजस्थान के सीएम गजेंद्र सिंह शेखावत बनने वाले थे, लेकिन दिल्ली से पर्ची आ गई। एक घंटे पहले जो व्यक्ति भोजन और टेंट की व्यवस्था देख रहा था, उसको सीएम बना दिया गया। दिल्ली से आई पर्ची में भजनलाल शर्मा का नाम निकला। उसके बाद 'पर्ची सरकार' बन गई है। तीन नेताओं ने जोधपुर के न्यू हाईकोर्ट के पास स्थित एक होटल में कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान लोक सभा चुनावों की रणनीति को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान तीनों नेता मीडिया से भी मुखातिब हुए। इस बीच डोटासरा ने कहा कि भाजपा सिर्फ धार्मिक उन्माद फैला रही है। उसी से लोगों की भावना के साथ खेल रही है। राजस्थान के विधानसभा चुनाव में एक भी वोटर ने यह सोचकर वोट नहीं दिया था कि उनके वोट से भजनलाल को सीएम बनाया जाएगा। भजनलाल शर्मा को खुद को भी पता नहीं था कि वह सीएम बनेंगे। शपथ से पहले वह खुद टेंट और खाने की व्यवस्था देख रहे थे। लाइन में लास्ट में खड़े थे। जोधपुर के गजेंद्र सिंह शेखावत को सीएम बनना था, लेकिन दिल्ली से पर्ची आई और ऐसे सीएम सामने आए जिसका कभी सोचा नहीं था। अभी भी उन्हें किसी फैसले के लिए पर्ची का ही इंतजार करना पड़ता है। दिल्ली से पर्ची आएगी तो अपना फैसला सुनाएंगे।



### मोदी सरकार ने नहीं निभाया वादा

मीडिया से बातचीत के दौरान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि देश में पिछले 10 साल से मोदी सरकार है। इस कार्यकाल में उन्होंने जो वादे किए, वह अभी तक पूरे नहीं हुए। युवाओं को रोजगार का मुख्य मुद्दा था, उसे मोदी सरकार भूल ही चुकी है। आज भी लाखों युवा बेरोजगार घूम रहे हैं।

### तबादलों को लेकर साधा निशाना

डोटासरा ने सरकार की ओर से कम समय के लिए खोले जा रहे तबादलों को लेकर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि यह पहले सेटिंग कर रहे हैं, फिर कम समय के लिए तबादलों को खोलकर जमकर भ्रष्टाचार करेंगे। उन्होंने कहा कि तबादलों में भ्रष्टाचार को लेकर इन्होंने यह रास्ता निकाला है।

### इन सीटों पर जीत का जताया भरोसा

डोटासरा ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के तहत राजस्थान की सभी 25 लोकसभा सीटों पर मैं जाऊंगा। इस बार जनता ने लोकसभा चुनाव में 10 से 15 सीटों पर कांग्रेस को जिताने का मन बना रखा है। इसको लेकर कांग्रेस ने भी कमर कस रखी है। हम कांग्रेस की ओर से कराए गए विकास कार्यों को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं। भाजपा धर्म की राजनीति करती है। वहीं कांग्रेस विकास में विश्वास करती है।

**रणथंभौर से आई दुखद खबर**

# बाघिन टी-60 की मौत पोस्टमार्टम के बाद किया अंतिम संस्कार



**बेधड़क** | सवाई माधोपुर

रणथंभौर नेशनल पार्क में रविवार को बाघिन टी-60 की मौत के बाद वन्यजीव प्रेमियों में शोक की लहर फेल गई। अभ्यारण्य के जोन 2 में गुढ़ा वन चौकी के पास से बाघिन टी-60 का शव बरामद हुआ। वहीं, वनकर्मियों ने वन विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना दी, जिसके बाद वन अधिकारी मौके पर पहुंचे। इसके बाद वन अधिकारियों की मौजूदगी में बाघिन के शव को राजबाग नाका स्थित वन चौकी लाया गया।

यहां पशु चिकित्सकों ने बाघिन के शव का पोस्टमार्टम किया। इसके बाद वन विभाग व प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में उसका अंतिम संस्कार किया गया। बाघिन टी-60 की मौत को लेकर वन अधिकारी सीसीएफ पी केथिरवेल ने कहा कि बाघिन गर्भवती थी। शावकों को जन्म देते समय वो काफी कमजोर हो गई थी और इसी कारण उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि बाघिन की मौत के पीछे की असल वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगी।

सीसीएफ ने कहा कि बाघिन के गर्भवती होने के चलते वन विभाग की ओर से उसकी नियमित ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग की जा रही थी। वहीं, पशु चिकित्सक राजीव गर्ग ने बताया कि बाघिन टी-60 बच्चों को जन्म देते समय काफी कमजोर हो गई थी। साथ ही पोजिशन गलत होने से बाघिन का बच्चा जन्म के समय बर्थ केनाल में फंस गया था। इसके चलते बाघिन की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि फिलहाल हमें पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

**RSS के वार्षिक पथ संचलन का लोगों ने किया स्वागत**

# स्वयंसेवकों ने मिलाई कदम-ताल

**बेधड़क** | अजमेर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से रविवार को शहर में वार्षिक महानगर पथ संचलन निकाला गया। 4 किमी के पथ संचलन में करीब 5 हजार स्वयंसेवक शामिल हुए।

पथ संचलन शहर के पटेल मैदान से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होता हुआ पुनः पटेल मैदान पर संपन्न हुआ। इस दौरान रास्ते में देशभक्ति से ओतप्रोत झांकियां सजाई गई। कई जगहों पर स्वयंसेवकों का स्वागत किया गया। संचलन में बच्चों से लेकर बुजुर्ग स्वयंसेवक भी शामिल हुए। हिंदू तिथि के मुताबिक माघ माह की कृष्ण नवमी के दिन यह



पथ संचलन निकाला गया। जिन मार्गों से पथ संचलन गुजरा, वहां यातायात का जिम्मा भी स्वयंसेवकों ने ही संभाला।

संचलन से पूर्व पटेल मैदान में चित्तौड़गढ़ प्रांत के प्रचारक विजयानंद का संबोधन हुआ। इसके तुरंत बाद पटेल मैदान के पृथ्वीराज द्वार से पथ संचलन की शुरुआत की गई। स्वयंसेवक अग्रसेन चौराहा, हाथी भाटा, आगरा गेट चौराहा, नया बाजार चौपड़, लक्ष्मी चौक, धानमंडी, दरगाह, नला बाजार, मदार गेट, गांधी भवन, कचहरी रोड और अग्रसेन चौराहा होते हुए वापस पटेल मैदान पहुंचे और यहां पथ संचलन का समापन हुआ।

**विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

# स्वस्थ जीवनशैली कैंसर से करती है सुरक्षा

**बेधड़क** | करौली

विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर रविवार को करौली जिला अस्पताल में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने फीता काटकर की।

इस दौरान विधायक ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया, दवा की उपलब्धता, साफ-सफाई और उपचार व्यवस्था की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों से बात कर व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया। अस्पताल में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रामकृपाल ने जांच



और स्क्रीनिंग शिविर लगाया। इसमें 22 से अधिक मरीजों की जांच की गई।उन्होंने मरीजों को कैंसर की पहचान, उपचार और बचाव की जानकारी दी। इस दौरान मरीजों से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की भी अपील की गई। डॉ. रामकृपाल ने बताया कि कैंसर रोग का संपूर्ण उपचार संभव है। इसके साथ ही लोगों को कैंसर से बचाव के लिए स्वस्थ जीवन शैली अपनाना जरूरी है। विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने अस्पताल के पीएमओ डॉ. गोविंद गुप्ता से संसाधनों की कमी और समस्याओं की जानकारी ली और जल्द हर संभव मदद का भरोसा दिया। विधायक ने बताया कि पुराने अस्पताल भवन में सैटेलाइट अस्पताल खोलने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है।

राजकुमार शर्मा ने अस्पताल विकास के लिए 20 हजार रुपए की सहायता राशि भेंट की। राशि का उपयोग मरीजों के लिए संसाधन उपलब्ध कराने में किया जाएगा। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश राजोरिया, डॉ. बीएल मीणा, डॉ. आशीष शुक्ला, डॉ. सीएल मीणा, डॉ. कैलाश, डॉ. ओपी मीणा, नर्सिंगकर्मी मोहनलाल शर्मा मौजूद रहे।

**पीएम श्री योजना में चयनित**

# डीडवाना-कुचामन के 18 विद्यालय बनेंगे मॉडल स्कूल

**बेधड़क** | कुचामनसिटी

धानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकारी विद्यालय में भौतिक सुविधाओं के साथ रोजगार परक शिक्षा दिए जाने की महत्वकांक्षी योजना पीएम श्री योजना अब मूर्त रूप ले रही है। योजना के तहत विद्यालयों में इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने और रोजगार परक शिक्षा दिए जाने का सिलसिला शुरू हो गया है।

पीएम श्री योजना में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत देशभर के 14500 स्कूलों को पीएम श्री (प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया) योजना के तहत अपग्रेड किया जाएगा। केंद्र की इस योजना से 18 लाख छात्रों को फायदा होगा। खास बात यह है कि ये सभी स्कूल सरकारी होंगे, जिनका



चयन राज्यों के साथ मिलकर किया जाएगा। पीएम श्री स्कूल अपने आस-पास के अन्य स्कूलों को मार्गदर्शन और नेतृत्व प्रदान करेंगे। पीएम श्री योजना में चयनित जिले की हिराणी गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में योजना के तहत कौशल विकास बाल मेले का आयोजन हुआ। इसमें विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें रोजगार परक जानकारी भी दी गई।

आपको बता दें कि जिले के 18 विद्यालयों सहित राजस्थान के 402 स्कूलों का चयन पीएम श्री योजना में हुआ है। अब से ये सभी स्कूल पीएम श्री विद्यालय के नाम से जाने जाएंगे।

### योजना से ये मिलेगा फायदा

पीएम श्री योजना के तहत चयनित स्कूलों में नए कक्षा कक्ष, उच्च क्वालिटी का फर्नीचर, सोलर सिस्टम, रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, लैब, डिजिटल लाइब्रेरी और हर लाइब्रेरी के लिए लैपटाप दिए जाने की योजना है। जिन विद्यालयों में जगह है वहां किचन गार्डन विकसित करने की योजना है। आगामी तीन साल तक इन स्कूलों में निर्धारित बजट से 30 फीसदी सिविल और 40 फीसदी प्रोजेक्ट इनोवेशन के अलावा शेष अन्य विकास कार्य किए जाएंगे। स्कूलों के संस्था प्रधानों ने वार्षिक कार्य योजना का प्लान स्कूल शिक्षा परिषद को दे दिया है।

### पीएम श्री स्कूलों में ये होंगी खास गतिविधियां

इस योजना में जिले के 15 ब्लॉक के 15 सीनियर सेकंडरी स्कूल और 3 उच्च प्राथमिक विद्यालयों सहित जिले के कुल 18 स्कूलों का चयन किया गया है। योजना के तहत जिन स्कूलों में भूमि उपलब्ध है वहां किचन गार्डन, खेलकूद मैदान, खेल कूद की गतिविधियां, स्वच्छता पखवाड़ा आदि गतिविधियों का संचालन होगा। इन स्कूलों में वोकेशनल एजुकेशन के लिए अलग से लैब भी स्थापित की जाएगी। वहीं विद्यार्थियों के पढ़ने के लिए डिजिटल लाइब्रेरी तैयार होगी। प्रत्येक लाइब्रेरी में लैपटॉप भी दिए जाएंगे। शिक्षा को रोजगार परक बनाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच यकीन देश में बेरोजगारी की समस्या को हल करने में मददगार साबित होगी। योजना में स्कूलों को इस तरह से विकसित किया जाएगा कि विद्यालय में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होगी और नवाचार को बढ़ावा दिया जाएगा।

**जूली, डोटासरा व रंधावा पहुंचे थे नागौर**

# कांग्रेस की बैठक में बारिश का खलल

**बेधड़क** | नागौर

जिले में रविवार को कांग्रेस की ओर से आयोजित संवाद कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं से नेताओं का संवाद बारिश के चलते अधूरा ही रहा। बारिश के चलते कार्यक्रम को जल्द ही समाप्त करना पड़ा।

हालत यह हुई कि जिन कुर्सियों पर कांग्रेस के कार्यकर्ता बैठे थे, उन कुर्सियों को ही कार्यकर्ताओं ने अपने सिर पर उठा कर बारिश से बचाव किया। बारिश ज्यादा तेज आने लगी, तो कार्यक्रम को छोटा करके समाप्त कर दिया गया। कांग्रेस के इस संवाद कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा व नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली नागौर पहुंचे



थे। जैसे ही गोविंद सिंह डोटासरा सहित तीनों नेता नागौर पहुंचे, तो बारिश शुरू हो गई जो कुछ बाद रुक गई। इस दौरान पहले टीकाराम जूली फिर गोविंद सिंह डोटासरा का भाषण हुआ। इसके बाद जैसे ही प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा का भाषण शुरू हुआ, तो बारिश फिर से शुरू हो गई। इसके चलते उन्होंने 2 मिनट में ही अपना भाषण समाप्त कर दिया

### यूजीसी ने जारी किए यूजी पाठ्यक्रमों के लिए इंटर्नशिप व शोध के लिए दिशा निर्देश

# UG डिग्री कार्यक्रमों में अनिवार्य होगी 60 से 120 घंटे की इंटर्नशिप

**बेधड़क** | नई दिल्ली

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सभी विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों (एचईआई) को स्नातक (यूजी) छात्रों के लिए इंटर्नशिप और अनुसंधान इंटर्नशिप के लिए दिशानिर्देश लागू करने को कहा है। यूजीसी ने यह भी कहा है कि वह राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) में अनुशंसित कार्यान्वयन की समीक्षा करेगी। आयोग के मुताबिक स्नातक छात्रों के लिए इंटर्नशिप/रिसर्च इंटर्नशिप के लिए यूजीसी दिशानिर्देशों का उद्देश्य रोजगार योग्यता कौशल में सुधार करना है और रोजगार के लिए छात्रों के बीच योग्यता, क्षमता, पेशेवर कामकाजी कौशल, विशेषज्ञता और आत्मविश्वास पैदा करने और अनुसंधान के लिए रुचि, जुनून विकसित करने में मदद कर सकता है।

दिशानिर्देशों के अनुसार, यूजी डिग्री कार्यक्रमों में नामांकित छात्रों के लिए चौथे सेमेस्टर के बाद 60 से 120 घंटे की इंटर्नशिप अनिवार्य होगी। एक इंटर्नशिप के लिए, इंटर्नशिप के एक क्रेडिट का मतलब प्रति सप्ताह दो घंटे की व्यस्तता है। 15 सप्ताह की अवधि के एक सेमेस्टर में, इस पाठ्यक्रम में एक क्रेडिट एक सेमेस्टर में 30 घंटे की व्यस्तता के बराबर है। गौरतलब है कि यूजीसी ने इससे पहले पिछले 12 महीनों में रिसर्च को चार साल के यूजी प्रोग्राम का हिस्सा बनाया था। बाद में अंतिम नियमों को अंतिम सेमेस्टर के अनुसंधान और इंटर्नशिप भाग में बदल दिया गया।



### प्रोग्राम के 8वें सेमेस्टर में अनिवार्य होगा शोध प्रबंध

यूजीसी के दिशानिर्देश के अनुसार 4-वर्षीय यूजी डिग्री प्रोग्राम (अनुसंधान के साथ ऑनर्स) करने वाले छात्रों के लिए, 12 क्रेडिट के पूरे 8वें सेमेस्टर के दौरान शोध प्रबंध, अनुसंधान परियोजना में संलग्नता को पाठ्यक्रम पूरा होने पर डिग्री प्रदान करने के लिए एक अनिवार्य पहलू माना जाएगा। आयोग ने कहा कि अनुसंधान परियोजना, थीसिस कार्य या शोध प्रबंध में 8वें सेमेस्टर के दौरान 360 घंटे की अवधि शामिल होनी चाहिए। सुझाई गई इंटर्नशिप गतिविधियों में व्यावहारिक प्रशिक्षण, लघु शोध परियोजना, सेमिनार में उपस्थिति, सेमिनार की तैयारी के लिए निर्दिष्ट पत्रिकाएं पढ़ना, कुछ उद्यमियों, सामाजिक परियोजनाओं का अध्ययन, उद्यमों या किसानों का अध्ययन शामिल हैं।

## Yuva स्टोरीज

### वैज्ञानिकों से स्पेस साइंस का पाठ पढ़ेंगे स्टूडेंट्स



**बेधड़क** | जयपुर

जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी कैंपस में स्टूडेंट्स को 6-आदित्य एल-1 के वैज्ञानिकों से अंतरिक्ष विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को समझने व सीखने का मौका मिलेगा। यूनिवर्सिटी में 6 फरवरी से '6-आदित्य एल-1 सपोर्ट सेल वर्कशॉप' शुरू होगी जो 8 फरवरी तक चलेगी। वर्कशॉप में 6-आदित्य एल-1 के 7 वैज्ञानिकों में से 5 यूनिवर्सिटी कैंपस में मौजूद रहेंगे और स्टूडेंट्स के साथ ज्ञान की बातें साझा करेंगे। पहले दिन का विषय है 'आदित्य-एल 1 मिशन' रहेगा, जिसमें मुख्य वक्ता निदेशक आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान अनुसंधान संस्थान, नैनीताल प्रो. दीपांकर बेनर्जी होंगे। दूसरे दिन 'भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान कार्यक्रम' विषयक सत्र में इसरो मुख्यालय के विज्ञान कार्यक्रम कार्यालय (एसपीओ) में कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. मोहम्मद हसन भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रमों पर विस्तार से बात करेंगे। तीसरे दिन 'इंजीनियरिंग फॉर एस्ट्रोनॉमी' को इंटर-यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स (आईयूसीएए) प्रो. एएन रामप्रकाश कंडक्ट करेंगे। वाइस चेयरपर्सन, जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी अर्पित अग्रवाल ने बताया कि डिपार्टमेंट ऑफ फिजिक्स द्वारा आयोजित वर्कशॉप में बच्चे आदित्य एल 1 द्वारा जारी किए गए डाटा को यूटिलाइज और एनालाइज करना सीखेंगे।

### स्वच्छता अभियान ने फैलाई जागरूकता



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के लाइफ लॉन्ग लर्निंग विभाग की ओर से सामाजिक जिम्मेदारी के तहत स्वच्छ गांव स्वच्छ भारत, एकीकृत स्वच्छता अभियान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लाइफ लॉन्ग विभाग के निदेशक प्रो. प्रकाश शर्मा ने बताया कि मुंडेता गांव के प्रभा मेमोरियल पीजी महाविद्यालय में सैकड़ों विद्यार्थियों को स्वच्छता को लेकर जागरूक किया गया। साथ ही प्रशिक्षण के बाद श्रमदान किया गया। लाइफ लॉन्ग विभाग ने राज्यपाल की ओर से टाटियावास गांव गोद ले रखा है। राजभवन की ओर से कई बार विभाग के नवाचारों की प्रशंसा की गई है। इस मौके पर गांव के प्रधान,सरपंच जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### स्टूडेंट्स नें दिखाया टैलेंट



**जयपुर।** सांगानेर के मदरामपुरा स्थित मॉर्निंग स्टार सेंट एंसलम स्कूल में शनिवार को एनुअल फेस्ट का आयोजन किया गया। फेस्ट के दौरान स्टूडेंट्स ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर आयोजित किए गए आर्ट एंड कल्चर पर आधारित एक्सपो में करीब 350 स्टूडेंट्स और टीचर्स ने मॉडल, पेंटिंग्स और रूरल कल्चर को प्रेजेंट किया। स्कूल प्रिंसिपल फादर मारिया लॉरेन्स ने बताया कि कार्यक्रम में स्टूडेंट्स ने स्कूल के पहले दिन से आखिरी दिन तक का सफर डांस और ड्रामा के जरिए दिखाया। स्कूल बैंड के विद्यार्थियों ने शानदार परफॉर्मेंस से दर्शकों की तालियां बटोरी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डिपार्टमेंटल इन्क्वायरी राजस्थान सरकार के कमिश्नर श्रवण कुमार, डाइसिस के बिशप डॉ. ओस वॉल्ड जे. लुईस और फादर रेमंड रहे। राजस्थान फाइन आर्ट कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. अनिल गुप्ता ने जज की भूमिका निभाई।

### 7वें राष्ट्रीय शालेय खेल का समापन

# योगासनों के युवा महारथियों ने जीते प्रतिभा के पुरस्कार

**बेधड़क** | जयपुर

बजाज नगर स्थित केंद्रीय विद्यालय क्र. 1 में चल रहे 67वें राष्ट्रीय शालेय खेल (योगासन) 2023-24 का समापन समारोह रविवार को विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों के साथ जोश से भरे माहौल में आयोजित हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर पद्मश्री से सम्मानित अवनि लेखरा, विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर आयुक्त केन्द्रीय विद्यालय संगठन एनआर मुरली व यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्र प्रमुख प्रांजल वाजपेयी, राजस्थान विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग की सहायक निदेशक डॉ. प्रतिभा रत्नु ने कार्यक्रम में शिरकत की।

एसजीएफआई के बैनर तले योगासन से सम्बंधित विभिन्न सर्वश्रेष्ट आसन प्रतियोगिताओं में अपने कौशल का प्रदर्शन करने देश के बीस राज्यों, तीन केंद्र शासित प्रदेशों एवं सात संस्थाओं के 186 छात्र एवं 188 छात्राओं ने एक से बढ़कर एक योगासनों का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा दिखाई। मुख्य अतिथि अवनि लेखरा ने योग को दृढ़ मनोस्थिति का विस्तार सूचक बताते हुए जीवन का वह महत्वपूर्ण हिस्सा बताया जो हमें शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य की दिशा में मार्ग निर्देशित करता है। योग एवं उससे जुड़े आसन जीवन के हर क्षेत्र में दमदार उपस्थिति के लिए आवश्यक है।





**सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर झूमे विद्यार्थी**

प्रतियोगिता समापन के अवसर पर केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति के दौरान पूरा परिसर राजस्थानी कला संस्कृति के रंग में रंगा नजर आया। इस अवसर पर प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में विजयी रहे छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया।




### विद्यार्थियों के विकास के लिए ऐसे आयोजन जरूरी

विशिष्ट अतिथि एनआर मुरली ने चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के सर्वोत्तम प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं कौशल ऊर्जा का नवीन आयाम है। इसके पुष्पन एवं पल्लवन के लिए इस तरह के आयोजन जरूरी हैं। बीएल मोरोडिया, उपायुक्त केन्द्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर संभाग ने इस सम्पूर्ण आयोजन को शारीरिक क्षमता बढ़ाने के साथ साथ जीवन ऊर्जा को शानदार और सकारात्मक रूप से सबल बनाने का माध्यम बताया। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के पर्यवेक्षक योगेश पाल ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं की भूरि भूरि प्रशंसा की तथा सॉफ्टवेयर आधारित मूल्यांकन व्यवस्था की सराहना की। अंत में सहायक आयुक्त माधोसिंह ने आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय आयोजन कुशल निर्देशन, मार्गदर्शन, दूरदर्शिता एवं समूह योजना के माध्यम से ही संभव हो सका है।

# IIT में अब स्पोर्ट्स कोटा से भी एडमिशन




**बेधड़क** | जयपुर

देश में पहली बार IIT चेन्नई ने एडमिशन में स्पाट्र्स कोटा लागू किया है। IIT मद्रास 2024-25 सेशन से एडमिशन में स्पोर्ट्स कोटा लागू करेगा। इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर वी. कामकोटि ने बताया कि 55वीं IIT काउंसिल बैठक में इसका प्रपोजल दिया गया था। अभी तक देश की किसी भी IIT में स्पोर्ट्स कोटे से एडमिशन नहीं दिया जाता। IIT मद्रास ने इंस्टीट्यूट में डायवर्सिटी बढ़ाने के लिए ये कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि अब IIT मद्रास में हर अंडरग्रेजुएट कोर्स में 2 सुपरन्यूमरेरी यानी एक्स्ट्रा सीटें स्पोर्ट्स कोटे के तहत आरक्षित होंगी। पहली सीट जनरल होगी जबकि दूसरी सीट लड़कियों के लिए रिजर्व रहेगी।

कोटा 2024-25 सेशन से ही लागू होगा। स्पोर्ट्स कोटा की सीटों पर एडमिशन पाने के लिए स्टूडेंट को बीते 4 सालों में एक नेशनल या इंटरनेशनल पदक जीतना जरूरी होगा। इसके अलावा स्टूडेंट को IIT एडमिशन क्राइटेरिया के तहत 12वीं पास करना भी जरूरी होगा।

कामकोटि ने बताया कि ये पहल IIT कैंपस में ज्यादा डायवर्सिटी लाने के लिए और उन स्टूडेंट्स को मौका देने के लिए की गई है जो किसी भी खेल में अपने स्टेट या कंट्री को रिप्रेजेंट करते हैं। उन्होंने बताया कि IIT यह प्लानिंग भी कर रही है कि स्पोर्ट्स कोटा के तहत प्रवेश पाने वाले स्टूडेंट्स को किस तरह स्पोर्ट्स में शामिल किया जाना चाहिए।

### JEE Advanced स्कोर होगा अनिवार्य

स्पोर्ट्स एक्सीलेंस एडमिशन (SEA) के तहत दाखिला पाने के लिए स्टूडेंट के पास JEE Advanced स्कोर होना अनिवार्य होगा। JEE Advanced रिजल्ट में कैंडिडेट का नाम कॉमन रैंक लिस्ट या कैटेगरी वाइस रैंक लिस्ट में होना जरूरी होगा। कैंडिडेट के पास कम से कम एक नेशनल या इंटरनेशनल लेवल स्पोर्ट्स मेडल होना भी जरूरी होगा। JEE Advanced रिजल्ट और स्पोर्ट्स क्वालिफिकेशन के आधार पर बनाई जाने वाली स्पोर्ट्स रैंक लिस्ट के आधार पर सीट अलॉटमेंट किया जाएगा।

### रोड सेफ्टी सेल का उद्घाटन आज

**जयपुर।** जन साधारण में रोड सेफ्टी के लिए जागरुकता लाने एवं दिन प्रतिदिन बढ़ रहे सड़क हादसों को रोकने के मकसद से आईआईएस यूनिवर्सिटी में सोमवार को रोड सेफ्टी सेल की शुरुआत की जाएगी।

सुबह 11 बजे होने वाले उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि डीसीपी ट्रैफिक लक्ष्मण दास और विशिष्ट अतिथि डिपार्टमेंट ऑफ ट्रांसपोर्ट एंड रोड सेफ्टी, गवर्नमेंट ऑफ राजस्थान में जोइंट ट्रांसपोर्ट कमिश्नर निधि सिंह होंगी। आईआईएस यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार डॉ.राखी गुप्ता ने बताया कि डिपार्टमेंट ऑफ ट्रांसपोर्ट व रोड सेफ्टी, स्टेट रोड सेफ्टी सेल, राजस्थान सरकार आईआईएस यूनिवर्सिटी के साथ नॉलेज पार्टनर के तौर पर काम करेंगे।

**सेलिब्रेशन** | **रावत पब्लिक स्कूल ने मनाया एनुअल डे**

# बच्चों ने मंच पर खोली लाजवाब प्रतिभा की 'गुल्लक'

**बेधड़क** | जयपुर

यपुर। देश के अलग-अलग प्रदेशों की संस्कृतियों के अलबेले रंगों का संगम और इसका जोश व उत्साह के साथ आनंद लेते विद्यार्थी। मौका था रावत पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर के निर्मला ऑडिटोरियम में शनिवार को आयोजित एनुअल डे 'गुल्लक' का। कार्यक्रम में स्कूल के 500 से अधिक बच्चों ने पार्टिसिपेट किया।

कार्यक्रम का प्रारंभ रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमेन बीएस रावत एवं निर्मला रावत ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईपीएस अधिकारी पंकज चौधरी मौजूद रहे। गुल्लक थीम पर आधारित कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी लाजवाब रंगारंग प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम की शुरुआत गुल्लक के थीम सॉन्ग एवं अभिनंदन गीत के साथ हुई। स्टूडेंट्स ने कभी विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति की झलकियां दिखाई तो कभी पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश तत्वों को बड़ी खूबसूरती के साथ प्रस्तुत किया। श्री राम पर आधारित नाट्य कार्यक्रम ने पूरे परिसर को भक्ति के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम में योग की एक स्पेशल परफॉर्मेंस प्रस्तुत की गई जिसमे बच्चों की प्रस्तुति ने सभी को हतप्रभ किया।



### रावत टाइम्स का हुआ विमोचन

इस अवसर पर विद्यालय के न्यूज बुलेटिन 'रावत टाइम्स' का विमोचन भी किया गया। अक्षेद्र वेलफेयर सोसायटी के कर्मठ कार्यकर्ताओं को सोसायटी अध्यक्ष बीएस रावत, सचिव नरेंद्र सिंह रावत एवं कोषाध्यक्ष डॉ. अक्षिता रावत ने सम्मानित किया। रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक नरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि स्कूल इनोवेटिव और वैल्यू बेस्ड एजुकेशन पर विशेष जोर देता है। ग्रुप के निदेशक हेमेंद्र सिंह रावत ने भी विद्यार्थियो को प्रोत्साहित किया।





### सम्मानित हुए प्रतिभाशाली विद्यार्थी

विद्यालय की प्राचार्या मैत्रेयी शुक्ला ने विद्यालय की वर्ष भर की गतिविधियों और उपलब्धियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। साथ ही उन्होंने भविष्य की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल रहे विद्यार्थियों को रावत गौरव और रावत प्रतिभा अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न कैटेगरीज में अव्वल रहे विद्यार्थी भी इस अवसर पर सम्मानित हुए।

# प्रदूषण का थर्मामीटर भी प्रदूषण की जद में



सुनील कुमार महला
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अंटार्कटिका दुनिया के प्रदूषण का थर्मामीटर कहलाता है। जानकारी देना चाहूंगा कि अंटार्कटिका पृथ्वी का दक्षिणतम महाद्वीप है, जिसमें दक्षिणी ध्रुव अंतर्निहित है। यह दक्षिणी गोलार्द्ध के अंटार्कटिक क्षेत्र और लगभग पूरी तरह से अंटार्कटिक वृत के दक्षिण में स्थित है। यह चारों ओर से दक्षिणी महासागर से घिरा हुआ है। लेकिन आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि आज अंटार्कटिका जैसी ठंडी जगह भी प्रदूषण से पूरी तरह से मुक्त नहीं है और अंटार्कटिका महाद्वीप पर पानी में प्लास्टिक के कण मिले हैं। कहना गलत नहीं होगा कि धरती पर मौजूद सभी सात महाद्वीपों में अंटार्कटिका सबसे ठंडा महाद्वीप है और वो इसलिए कि यहां का 98 फीसदी हिस्सा बर्फ से ढंका हुआ है। कहते हैं कि लगभग दो किलोमीटर की मोटी परत के रूप में बर्फ अंटार्कटिका की धरती पर फैली हुई है। दक्षिणी ध्रुव पर स्थित इस महाद्वीप पर तेज हवाएं चलती हैं, यहां का तापमान हमेशा चार डिग्री से नीचे ही रहता है। रिसर्चरों ने इस बात की खोज की है कि दुनिया का अत्यंत ठंडा ये महाद्वीप भी प्रदूषण की जद में आ चुका है। धरती के कोने पर आबादी से बहुत दूर होने के बावजूद यहां पानी में प्लास्टिक के कण मिलना हर किसी को अंचभित करता है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर यहां प्रदूषण फैला कैसे? तो इसका सटीक उत्तर यह है कि मानव ही कहीं न कहीं इसका कारण है। यहां पर प्रदूषण का पता लगाकर रिसर्चर धरती पर लगातार बढ़ते प्रदूषण का हाल जान जाते हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि अंटार्कटिका पर ताजे पानी का बहुत बड़ा विशाल भंडार है जिसमें माइक्रोप्लास्टिक के कण मिले हैं।

प्रश्न उठता है कि आखिर ये प्लास्टिक आता कहां से है जबकि यहां पर आबादी न के बराबर है। वास्तव में माइक्रोप्लास्टिक अपने आप में एक प्रदूषक है। प्रकृति या सागर कभी भी प्लास्टिक पैदा नहीं करते हैं। प्लास्टिक मानव ही निर्मित करता है और मानव जनित गतिविधियों के कारण ही आज अंटार्कटिका जैसी जगह भी प्लास्टिक से अछूती नहीं रही है। यहां पानी में सूक्ष्म जीवों के साथ प्लास्टिक के कण भी मिले हैं। इस प्लास्टिक का यहां होना इलाके के जीवों के लिए बहुत ही खतरनाक है। वास्तव में, माइक्रोप्लास्टिक कछुओं और पक्षियों सहित जलीय जीवों को नुकसान पहुँचाता है। यह पाचन तंत्र को अवरुद्ध करता है, और खाने के व्यवहार को बदल देता है। इसके बाद, यह समुद्री जानवरों में वृद्धि और प्रजनन उत्पादन को कम कर देता है। विदित हो कि वैज्ञानिकों ने क्रस्टेशियंस, कीड़े, मछली, समुद्री कछुए और सील सहित सैकड़ों समुद्री जानवरों में माइक्रोप्लास्टिक का पता लगाया है और उन्हें उत्तरी अटलांटिक से लेकर तटीय अर्जेंटीना से लेकर दक्षिण चीन सागर तक दुनिया भर में प्लास्टिक खाने वाले जानवर मिले हैं। वास्तव में अंटार्कटिक जल में प्लास्टिक प्रदूषण एक उभरता हुआ खतरा है। वास्तव में माइक्रोप्लास्टिक्स कई स्रोतों से आ सकते हैं यथा व्यक्तिगत देखभाल उत्पाद जैसे टूथपेस्ट, शैंपू और शॉवर जैल, कपड़े धोने से सिंथेटिक फाइबर और प्लास्टिक मलबे के बड़े टुकड़ों के टूटने से। माइक्रोप्लास्टिक आर्कटिक और अंटार्कटिक के समुद्रों में पाए गए हैं, जिनमें सतही जल और गहरे समुद्र और उथले तलछट शामिल हैं। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि न्यूजीलैंड में कैंटरबरी विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने अंटार्कटिका में 19 स्थानों से नमूने एकत्र किए और प्रत्येक में छोटे प्लास्टिक के टुकड़े थे।

> “ब्रिटिश शोधकर्ताओं ने गणना की है कि क्षेत्र में पर्यटन, मछली पकड़ने और वैज्ञानिक गतिविधियों के परिणामस्वरूप व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों से 500 किलोग्राम तक माइक्रोबीड्स और 25.5 बिलियन सिंथेटिक फाइबर प्रति दशक पानी में प्रवेश करते हैं। वर्ष 2019 के एक स्टडी में यह अनुमान लगाया गया है कि अंटार्कटिक प्रायद्वीप के पास सतही जल में प्रति वर्ग किलोमीटर औसतन लगभग 1,800 प्लास्टिक के टुकड़े थे।”

माइक्रोप्लास्टिक प्लास्टिक सामग्री के क्षरण से उत्पन्न होते हैं और चावल के दाने से भी छोटे होते हैं- कभी-कभी नग्न आंखों के लिए भी अदृश्य होते हैं शोधकर्ताओं को पिघली हुई बर्फ में प्रति लीटर औसतन 29 कण मिले हैं। उन्होंने 13 विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक की पहचान की और सबसे आम पॉलीथीन टेरेफ्थेलेट (पीईटी) था, जिसका उपयोग ज्यादातर शीतल पेय की बोतलों और कपड़ों में किया जाता था। यह 79% नमूनों में पाया गया। कहना गलत नहीं होगा कि आज हम धरती के दिल कहलाने वाले इस खूबसूरत महाद्वीप को लगातार अपनी गतिविधियों से गंदा व प्रदूषित कर रहे हैं। अंटार्कटिका में प्लास्टिक का मिलना यह दर्शाता है कि दुनिया अपने कचरे का निस्तारण ठीक से नहीं कर रही है और धरती पर लगातार प्रदूषण बढ़ रहा है। आज अंटार्कटिका में जो प्लास्टिक मिल रहा है, संभवतया वह बहुत पहले इस्तेमाल हुआ होगा, क्यों प्लास्टिक के ये कण बहुत ही महीन हैं और प्लास्टिक को अपघटित होने में सैकड़ों हजारों वर्ष का लंबा समय लग जाता है। यहां यह भी विदित हो कि माइक्रोप्लास्टिक प्लास्टिक के वे कण होते हैं, जिनका व्यास 5 मिमी. से कम होता है। हम आने वाली पीढ़ियों के लिए माइक्रोप्लास्टिक छोड़ रहे हैं, हालांकि वर्तमान में जो प्लास्टिक अंटार्कटिका में मिला है वह हमारी पीढ़ी का नहीं है। कुछ समय पहले प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार अंटार्कटिका के आसपास के पानी में माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा अब तक अनुमानित पांच गुना अधिक है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि अंटार्कटिक महासागर लगभग 8.5 मिलियन वर्ग किलोमीटर में फैला है और पृथ्वी के महासागरों का 5.4% प्रतिनिधित्व करता है। समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र असुरक्षित है।


**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

### बच्चों में बढ़ रही है आत्महत्या की प्रवृत्ति

# युवाओं को रोकना होगा खुदकुशी से



गीता यादव
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार



देशभर में कोचिंग हब के रूप में विख्यात कोटा में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर अत्यधिक मानसिक दबाव के कारण जब-तब विद्यार्थियों द्वारा आत्महत्या की घटनाएं सामने आती रहती हैं, लेकिन अब आईआईटी जैसे देश के सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग संस्थानों और कुछ अन्य प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों में भी छात्रों की आत्महत्या के मामले सामने आ रहे हैं। मनोविज्ञानियों और अभिभावकों के लिए यह गंभीर चिंतन का विषय बना हुआ है कि बच्चों में आत्महत्या की प्रवृत्ति निरंतर बढ़ रही है। इसका प्रमुख कारण बच्चों में मानसिक एवं संवेगात्मक व्याकुलता का बढ़ना है।

एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, हमारे देश में सालाना करीब 13,000 छात्र मौत को गले लगा रहे हैं। इनमें महाराष्ट्र भी पीछे नहीं है। राज्यसभा में दी गई एक जानकारी के अनुसार 2018 से 2023 के बीच पांच वर्षों की अवधि में आईआईटी, एनआईटी, आईआईएम, जैसे देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में ही 61 छात्रों ने आत्महत्या की, जिनमें 33 छात्र आईआईटी के थे। देश के युवा वर्ग और खासकर 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों में आत्महत्या की बढ़ती यह प्रवृत्ति बेहद चिंताजनक है। शिक्षा और कॅरियर में गलाकाट प्रतिस्पर्धा और माता-पिता और शिक्षकों की बढ़ती अपेक्षाओं के चलते छात्रों पर अनावश्यक दबाव इसका कारण है। अनेक अध्ययनों से यह साबित हो चुका है कि परीक्षाएं नजदीक आने के साथ ही छात्रों में चिंता और अवसाद बढ़ने लगता है।

आंकड़ों के अनुसार जहां 2020 में देशभर में कुल 12,526 छात्रों ने आत्महत्या की, वहीं 2021 में यह आंकड़ा बढ़कर 13,089 हो गया। आत्महत्या करने वाले विद्यार्थियों में 56.54 फीसदी लड़के और 43.49 फीसदी लड़कियां थीं। अठारह से कम आयु के 10,732 किशोरों में से 864 ने तो परीक्षा में विफलता के कारण मौत को गले लगा लिया। आंकड़े बताते हैं कि कोटा में दस में से चार छात्र मानसिक रूप से बीमार हैं। साल 2020 में हुए सर्वे के अनुसार, हर दिन 34 बच्चे जान दे रहे हैं। यह आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। राजस्थान के कोटा शहर में बच्चे कॉम्पिटिशन की तैयारी के लिए पहुंचते हैं। हर साल यहां आत्महत्या के मामले सामने आते हैं। साल 2023 में अब तक 25 बच्चे आत्महत्या कर चुके हैं।

> “बीते कुछ सालों में आत्महत्या के मामलों में इजाफा हुआ है। खासकर छात्रों में आत्महत्या के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। कॅरिअर की चिंता, नौकरी पाने का दबाव, मां-बाप की उम्मीदें बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल रही हैं, जिसे समय रहते रोकना होगा।”

विशेषज्ञों के अनुसार आत्महत्या के नब्बे फीसदी मामलों का कारण खराब मेंटल हेल्थ होती है। लंबे समय से चल रहा तनाव आत्महत्या का कारण बनता है। ऐसे में खराब मानसिक सेहत के लक्षणों को समय पर पहचानना जरूरी है। यदि किसी बच्चे को लंबे समय से कोई परेशानी या चिंता है तो ये तनाव का कारण बन जाता है। अगर ये परेशानी महीनों तक बनी रहे तो बच्चा तनाव के अंतिम चरण में चला जाता है। ऐसे में उसका स्वयं के प्रति प्रेम समाप्त हो जाता है। सोचने-समझने की क्षमता में कमी हो जाती है और बच्चे के दिमाग में आत्महत्या का ख्याल आ जाता है। विशेषज्ञ बताते हैं कि बचपन में हुई कोई दर्दनाक घटना, ब्रेन में केमिकल अनबैलेंस, अपने मन के मुताबिक चीजों का न होना और लगातार किसी चिंता का बने रहना मेंटल हेल्थ को बिगाड़ देते हैं, अगर इन्हें समय रहते पहचान लिया गया तो आत्महत्या के मामलों को कम किया जा सकता है।

विशेषज्ञों के अनुसार सोशल मीडिया के जमाने में बच्चे तेजी से बड़े हो रहे हैं। हार्मोनल बदलाव और कॅरियर की चिंता बच्चों को तनावग्रस्त कर रही है। मनोचिकित्सकों के अनुसार अभिभावकों का रवैया बच्चों में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति के लिए जिम्मेदार है। अभिभावक बच्चों से यह अपेक्षा करते हैं कि उन्होंने बच्चे को एक अच्छे कोचिंग संस्थान में प्रवेश दिला दिया है, अब उस बच्चे को इतनी मेहनत करनी चाहिए कि वो सफल हो जाए। कई माता-पिता तो बच्चे से यहां तक अपेक्षा कर लेते हैं कि वह एक बार में ही सफल हो जाए। कुछ अभिभावक बच्चे को कम अंक आने पर डांटते भी हैं और अपने द्वारा उठाई जा रही आर्थिक एवं अन्य परेशानियों का जिक्र भी डांटते समय करने से नहीं चूकते हैं।

अभिभावक यह भूल जाते हैं कि कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाले सभी छात्र सफल नहीं हो सकते। उन्हें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि कमजोर नींव पर बहुमंजिला इमारत खड़ी करने का प्रयास बहुत खतरनाक होता है। कई अभिभावक तो अपने स्वयं के अरमानों की पूर्ति के लिए उस पर डॉक्टर या इंजीनियर बनने का इतना दबाव बना देते हैं कि बच्चे की स्वयं की इच्छाएं समाप्त हो जाती हैं। मनोचिकित्सक मानते हैं कि अभिभावक बच्चों की तुलना अन्य बच्चों न करें, असफल होने पर बच्चों को प्रताड़ित न करें, खर्च किए जा रहे पैसों के संबंध में बच्चों को न बताएं। बच्चे पर अपनी रुचि न थोपें। संवादहीनता की स्थिति न बनने दें। अभिभावकों को यह भी ध्यान रखना होगा कि उनके बच्चे द्वारा अभी तक कितने प्रतिशत अंक प्राप्त किए गए हैं। उसी के अनुसार अभिभावकों को बच्चे से अपेक्षा करनी चाहिए।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

### व्यंग्य

# बजट का बनना और बिगड़ना



मनीष कुमार चौधरी
व्यंग्यकार

हर सरकार के लिए बजट जरूरी कर्मकांड है और जनता के लिए कटु सत्य। जैसे नियम बनते हैं टूटने के लिए, वैसे ही बजट बनते हैं बिगड़ने के लिए। बिगड़ना बजट का नैसर्गिक स्वभाव है। इधर बजट आता है, उधर आम आदमी का सालभर का बजट बिगड़ जाता है। पांच प्रतिशत खास के लिए बनाए बजट को बचा हुआ 95वें प्रतिशत आम साल दर साल सहता और भुगतता रहता है। इसे बजट की इस परिभाषा से समझिए कि 'बजट देश का सबसे बड़ा वह जादू और रहस्य है जो 100 प्रतिशत लोगों नाम पर बनता है और 5 प्रतिशत लोगों के लिये 95 प्रतिशत लोगों को देशहित में कुर्बान करता है। समझौतों के जादू को बजट कहते हैं और बजट एक ऐसा यूनिवर्सल जोक है जो सबको पूरे साल याद रहता है। साथ ही यह जोक उस पर किया जाता है जिसे बेहतर बनाने के लिए बजट लाया जाता है।'

बजट सुनकर-देखकर जनता रोए, इससे पहले ही सरकार अपना रोना रोने लगती है। वह हजारों-लाखों करोड़ों का कर्ज अपने पर बता देती है। अब गरीब क्या करे! जब सरकार ही इतने कर्जे में डूबी है तो गरीब बेचारा किससे मांगने जाए? वह लाखों करोड़ों के कर्ज में लगे शून्य का हिसाब लगाता है तो कागजों में स्वयं को सरकार से अच्छी स्थिति में पाता है। उस सरकार से क्या आस लगानी जो बीपीएल के नीचे जीवनयापन करने वाले लोगों से भी बड़ी कर्जदार है। बजट आने से पहले उसे तो बस यही धुकधुकी लगी रहती है कि कहीं सरकार उसके सपनों पर भी टैक्स न लगा दे। जब ऐसा हो जाता है तो वह अपनी आशाओं का पुलिंदा समेट लेता है और उसे अगले साल आने वाले बजट के लिए रख छोड़ता है। सोचता है कि संभव है अगले साल सरकार का कर्जा कुछ कम होगा तो मेरे हिस्से में इकन्नी-दुअन्नी आ जाएगी। जब सरकार का बजट बिगड़ सकता है तो आम आदमी किस खेत की मूली है! बाड़ ही खेत खा जाए यानी सरकार कब जेब काट जाए, कोई बता नहीं सकता। बजट से सरकार मितव्ययता का संदेश देती है कि कैसे कम से कम खर्चे में घर-गृहस्थी चलाई जाए। आमदनी से ज्यादा खर्च सिर्फ सरकार को शोभा देता है। गरीब को पेट समेटकर जीवन चलाने की आदत नहीं छोड़नी है। वैसे भी सारा गरम और नरम हलवा तो बजट से पहले 'हलवा सेरेमनी' में सरकार डकार लेती है, बेचारी जनता के हिस्से में क्या आना है। यानी मीठा गप और कड़वा थूं..। चुनावी बजट, लोकलुभावन बजट, रॉबिनहुडी बजट, लारीलप्पा बजट.. जैसे शब्दों की भूलभुलैया के बीच आम आदमी के खाली बर्तनों में भूख की मामूली टंकार भला किसे सुनाई देनी है? आम आदमी के इस दर्द को दुष्यंत कुमार ने कुछ इस तरह बयां किया है, '...यहां तक आते-आते सूख जाती हैं सभी नदियां, मुझे मालूम है पानी कहां ठहरा हुआ होगा!' अक्सर बजट के दरमियान शेर सुनाने का मकसद यह जाहिर करना होता है कि बजट को लेकर ज्यादा सीरियस होने की जरूरत नहीं है। उसे तो हर साल आना है, वह आकर रहेगा।

### नॉलेज कॉर्नर: 50 साल बिना चार्ज किए करेगी काम

# चीन ने बनाई सबसे ज्यादा चलने वाली बैटरी

एक्सरे रेडिएशन सिस्टम के बाद चीन ने अब खास तरह की बैटरी तैयार कर ली है। इसे बिना चार्ज किए 50 सालों तक इस्तेमाल किया जा सकेगा। बैटरी को तैयार करने वाली चीन की स्टार्टअप कंपनी बीटावोल्ट का कहना है कि यह काफी अलग है। इसे न तो हमेशा चार्ज करने की जरूरत होगी और न मेंटीनेस की। यह बैटरी परमाणु ऊर्जा से चलती है। इसका इस्तेमाल ड्रोन और फोन समेत कई तरह के इक्विपमेंट्स के लिए किया जा सकेगा।कंपनी का दावा है कि न तो इस बैटरी में आग लगेगी और न ही दबाव पडऩे पर विस्फोट करेगी क्योंकि अलग-अलग तापमान पर इसका परीक्षण किया जा चुका है। फिलहाल नेक्स्ट जेनरेशन की बैटरी पायलट टेस्टिंग की फेज में है, लेकिन कंपनी का दावा है कि यह बड़ा बदलाव ला सकती है। जानिए क्या-क्या खास है इस बैटरी में और कहां-कहां इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा।

#### कहां-कहां काम आएगी परमाणु ऊर्जा वाली बैटरी

चीनी कंपनी बीटावोल्ट का कहना है, परमाणु ऊर्जा वाली यह बैटरी कई सेक्टर में क्रांति ला सकती है। इनका इस्तेमाल एयरोस्पेस, एआई इक्विपमेंट्स, मेडिकल इक्विपमेंट, हाईटेक सेंसर, छोटे ड्रोन, माइक्रोप्रोसेसर और माइक्रोरोबोट में भी किया जा सकता है। कंपनी का दावा है कि नई बैटरी खासतौर पर एआई की दुनिया में क्रांति लाने का काम करेगी।खास बात है कि यह बैटरी -60 से 120 डिग्री सेंटीग्रेट तापमान में काम करने में सक्षम है। लम्बे समय तक काम करने के कारण इसका इस्तेमाल इंसान के शरीर में लगने वाले पेसमेकर्स, आर्टिफिशियल हार्ट और कोक्लिया में भी किया जा सकता है।कंपनी का दावा है कि इनके छोटे आकार के कारण अगर इन्हें जोड़ा जाए तो ज्यादा बिजली पैदा की जा सकती है। इसकी खूबियों के कारण ऐसे मोबाइल की कल्पना की जा सकती है जिससे चार्ज करने की नौबत ही नहीं आएगी।




#### ऐसे काम करती है

इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के मुताबिक, यह बैटरी आइसोटोप से निकलने वाली एनर्जी को इलेक्ट्रिसिटी में बदलने का काम करती है। पहली बार इस प्रक्रिया को 20वीं सदी में विकसित किया गया था। सोवियत संघ ओर अमेरिका के वैज्ञानिकों ने मिलकर यह कॉन्सेप्ट तैयार किया था। वैज्ञानिकों ने इस तकनीक का इस्तेमाल अंडरवॉटर सिस्टम और रिमोट साइंटिफिक स्टेशन में किया गया था। हालांकि, इसकी लागत अधिक आ सकती है और यह महंगी बैटरी साबित हो सकती है।चीन ने देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए 14वीं पंचवर्षीय योजना (2021) को लॉन्च किया था। यह नई बैटरी अब उसी प्लान का हिस्सा है। सिर्फ चीन ही नहीं, अमेरिका और यूरोप भी इस तकनीक पर काम कर रहे हैं। हालांकि, चीन इसमें आगे निकलता हुआ दिखाई दे रहा है।

#### कितनी पावर मिलेगी?

*बीटावोल्ट का कहना है कि यह पहली न्यूक्लियर बैटरी है जो 100 माइक्रोवॉट की पावर पैदा करती है। इसके अलावा यह 3 वोल्टेज की बिजली देती है। हालांकि, कंपनी की योजना है कि 2025 तक इसे 1 वॉट की पावर पर ले जाए। इसका आकार फिलहाल सिक्के के आकार का है।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*

### X



**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री
@narendramodi
मोदी जो गारंटी देता है, उसे पूरा करने के लिए दिन-रात एक करने का हौसला भी रखता है। इसलिए आज नॉर्थ ईस्ट को मोदी की गारंटी पर भरोसा है।



**अरविंद केजरीवाल**, मुख्यमंत्री दिल्ली
@ArvindKejriwal
अगर हमने कुछ ग़लत किया होता तो बीजेपी में जाते जैसे दूसरे लोग गये और उन्होंने अपने केस बंद करवा लिए। जब हमने कुछ ग़लत किया ही नहीं तो फिर क्यों बीजेपी में जायें? हमारे ऊपर लगाए गए सारे केस झूठे हैं। आज नहीं तो कल, सभी केस ख़त्म हो ही जायेंगे। बाक़ी दिल्लीवालों का कोई काम नहीं रुकने देंगे। जब तक साँस है, देश की और समाज की सेवा करते रहेंगे।

## झारखंड: हैदराबाद से रांची लौटे झामुमो नीत गठबंधन के विधायक, व्हिप जारी

# मुख्यमंत्री चंपई सोरेन आज पास करेंगे शक्ति परीक्षण की परीक्षा

**एजेंसी** | हैदराबाद/ रांची

झारखंड में चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली झामुमो नीत गठबंधन सोमवार को राज्य विधानसभा में बहुमत साबित करेगी। सत्तारूढ़ गठबंधन के घटक दलों ने इस संबंध में अलग-अलग व्हिप जारी किया है।

झामुमो के मुख्य सचेतक नलिन सोरेन ने व्हिप जारी करते हुए पार्टी के सभी विधायकों को सदन में उपस्थित होने को कहा है। उल्लेखनीय है कि व्हिप का उल्लंघन करने पर पार्टी विधायकों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई कर सकती है। इस बीच, झामुमो नीत गठबंधन के विधायक विश्वास मत से एक दिन पहले हैदराबाद से रांची लौट रहे हैं। ये विधायक पिछले तीन दिनों से हैदराबाद में एक रिजॉर्ट में ठहरे हुए थे। करीब 40 विधायक दो फरवरी को दो उड़ानों से हैदराबाद पहुंचे थे। झारखंड के विधायकों का यहां आगमन इन आशंकाओं के बीच हुआ था कि भाजपा नई सरकार के विश्वास मत से पहले उनकी खरीद-फरोख्त का प्रयास कर सकती है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि जब तक कोई बड़ा उलटफेर नहीं होता, झारखंड मुक्ति मोर्चा सरकार फ्लोर टेस्ट में सफल हो जाएगी। ज्ञात रहे कि 31 जनवरी को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कथित भ्रष्टाचार के मामले में ईडी ने हिरासत में लिया। हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद चंपई सोरेन ने राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया था।



### क्या है बहुमत का गणित

| | |
|---|---|
| सदस्यीय है झारखंड विधानसभा | 81 |
| सीट है खाली | 01 |
| विधायकों का समर्थन जरूरी है बहुमत के लिए | 41 |

### किस पार्टी के कितने विधायक

| | | | |
|---|---|---|---|
| जेएमएम | 29 | भाजपा | 25 |
| कांग्रेस | 16 | आजसू | 02 |
| राकांपा | 01 | झारखंड विकास मोर्चा | 03 |
| सीपीआई (एमएल) | 01 | निर्दलीय | 02 |
| राजद | 01 | | |

### CM सोरेन ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा

मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने विश्वास मत से एक दिन पहले रविवार को राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। सोरेन ने मुख्य सचिव एल. खियांग्ते, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। सोरेन ने कहा कि अपराध मुक्त झारखंड, सरकार की प्राथमिकता है। सोरेन ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों को अपराध नियंत्रण के लिए सभी आवश्यक संसाधन जुटाने का निर्देश दिया है। उन्होंने अधिकारियों को रांची, दुमका, धनबाद, गिरिडीह, जमशेदपुर और हजारीबाग में अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने को कहा है। यह पहली बार नहीं है जब जेएमएम को शक्ति परीक्षण का सामना करना पड़ रहा है। सितंबर 2022 में हेमंत सोरेन की सरकार ने फ्लोर टेस्ट में अपने पक्ष में 48 वोटों के साथ बहुमत साबित किया था। तब भी भ्रष्टाचार के आरोपों पर हेमंत सोरेन को विधानसभा से अयोग्य ठहराए जाने का खतरा था। मौजूदा मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने 90 के दशक के अंत में शिबू सोरेन के साथ झारखंड आंदोलन में सक्रियता से भाग लिया था।

### सिक्किम: 4 साल तक सेवा वाले कर्मचारी होंगे स्थाई



**गंगटोक**। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने कहा कि चार साल से अधिक समय से सेवाएं दे रहे सरकारी कर्मचारियों को नियमित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द अधिसूचना भी जारी करेगी। अगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए मुख्यमंत्री का यह फैसला सियासी रूप से अहम माना जा रहा है। सीएम तमांग ने कहा कि एसकेएम ने सभी 32 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की पहचान कर चुकी है। उन्होंने कहा कि समय आने पर पार्टी उम्मीदवारों की सूची जारी करेगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से सिक्किम और उसके लोगों की सेवा के लिए तत्पर और समर्पित रहने का आह्वान भी किया। बता दें कि सिक्किम में कुल 32 विधानसभा क्षेत्र हैं। पिछला चुनाव 2019 में हुआ था।

### पूर्व विधायक चिराग पटेल भाजपा में शामिल

**अहमदाबाद** । कांग्रेस के पूर्व विधायक चिराग पटेल रविवार को सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली। चिराग आणंद जिले की खंभात सीट से पहली बार विधायक बने थे। उन्होंने पिछले साल 14 दिसंबर को राज्य की विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। तब उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व की कार्यशैली पर निराशा जताई थी और पार्टी की राज्य इकाई में गुटबाजी का आरोप लगाया था। चिराग पटेल रविवार को खंभात में एक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। गुजरात भाजपा प्रमुख सीआर पाटिल ने संकेत दिया कि चिराग खंभात सीट से उपचुनाव में भाजपा के उम्मीदवार हो सकते हैं। यह सीट उनके इस्तीफे के बाद खाली हो गई थी।

## गुवाहाटी: कामाख्या कॉरिडोर का शिलान्यास, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा...

# कोई भी देश अपने इतिहास को मिटाकर नहीं कर सकता प्रगति

**एजेंसी** | गुवाहाटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि कोई भी देश अपने इतिहास को मिटाकर, प्रगति नहीं हो सकता। आजादी के बाद सत्ता में रहे लोग पूजा स्थलों के महत्व को नहीं समझ सके और उन्होंने राजनीतिक वजहों से अपनी ही संस्कृति पर शर्मिंदा होने की प्रवृत्ति स्थापित की। पीएम मोदी ने रविवार को असम के गुवाहाटी में मां कामाख्या मंदिर कॉरिडोर सहित 11 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण करते हुए यह बात कही। बाद में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। राम मंदिर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे तीर्थ, हमारे मंदिर, हमारी आस्था के स्थान, ये सिर्फ दर्शन करने की स्थली ही नहीं हैं। ये हजारों वर्षों की हमारी सभ्यता की यात्रा की अमिट निशानियां हैं।

भारत ने हर संकट का सामना करते हुए कैसे खुद को अटल रखा, ये उसकी साक्षी है। उन्होंने कहा, कोई भी देश अपने अतीत को मिटाकर, भुलाकर विकसित नहीं हो सकता है। मुझे संतोष है कि हमारी सरकार आने के बाद बीते 10 वर्षों में अब भारत में स्थितियां बदल गई हैं। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने 'विकास और विरासत' को अपनी नीति का हिस्सा बनाया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में असम में शांति लौटी है और 7,000 से अधिक लोगों ने हथियार छोड़े हैं और मुख्यधारा में लौटे हैं।



### यह भी बोले पीएम मोदी

- आजादी के बाद सत्ता में रहे लोग पूजा स्थलों के महत्व को नहीं समझा।
- उन्होंने राजनीतिक वजहों से अपनी ही संस्कृति पर शर्मिंदा होने की प्रवृत्ति स्थापित की
- हमारे तीर्थ, हमारे मंदिर, हमारी आस्था के स्थान हैं हजारों वर्षों की हमारी सभ्यता की यात्रा की अमिट निशानियां

### मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी

मोदी ने कहा कि आज पूरा देश कह रहा है कि मोदी की गारंटी यानी पूरा होने की गारंटी। मैंने गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों को मूल सुविधाएं देने की गारंटी दी है। आज इनमें से अधिकतर गारंटियां पूरी हो रही हैं। उन्होंने कहा कि छोटे लक्ष्य रखकर कोई भी देश, कोई भी राज्य तेज विकास नहीं कर सकता। पहले की सरकारें न बड़े लक्ष्य तय करती थी और न ही अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मेहनत करती थी, हमने पहले की सरकारों की इस सोच को भी बदल दिया है।

### सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने की पीएम मोदी की तारीफ

इससे पहले असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने पूर्वोत्तर के राज्यों में बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने के लिए पीएम मोदी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज असम के लिए एक सुनहरा दिन है। पीएम मोदी के नेतृत्व में असम ने अभूतपूर्व शांति और समृद्धि देखी है। हजारों युवा उग्रवाद छोड़कर मुख्यधारा में लौट आए हैं। यह केवल मोदी शासन में ही हो सका है।



### मां के भक्तों को असीम आनंद से भर देगा मां कामाख्या का दिव्यलोक

पीएम ने आगे कहा कि अयोध्या में भव्य आयोजन के बाद मैं अब यहां मां कामाख्या के द्वार पर आया हूं। आज मुझे यहां मां कामाख्या दिव्यलोक परियोजना का शिलान्यास करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जब ये बनकर पूरा होगा तो ये देश और दुनिया भर से आने वाले मां के भक्तों को असीम आनंद से भर देगा। कोरिडोर पर 498 करोड़ रुपए की लागत आएगी। मोदी ने कहा कि वे असम में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देंगे। साथ ही स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के रास्ते भी बढ़ाएंगे और उन्हें खेलों के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

## नीतीश 12 को साबित करेंगे बहुमत

# कांग्रेस बिहार में भी आशंकित, पार्टी MLA पहुंचे हैदराबाद





**बेधड़क** | पटना/हैदराबाद

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली नवगठित राजग सरकार 12 फरवरी को विश्वास मत हासिल करेगी, लेकिन कांग्रेस अपने विधायकों में कथित रूप से टूट को लेकर आशंकित है। झारखंड की तर्ज पर रविवार को बिहार के कांग्रेस के 19 में से 16 विधायक हैदराबाद पहुंचे। जिससे पार्टी की आशंकाओं को लेकर अटकलों को बल मिला।

हालांकि कहा जा रहा है कि कांग्रेस विधायक तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी को बधाई देने के लिए यहां पहुंचे। रेड्डी ने दिसंबर 2023 में हुए राज्य विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत के बाद मुख्यमंत्री का पदभार संभाला है। लेकिन मीडिया में आई खबरों में दावा किया गया है कि कांग्रेस ने विधायकों की खरीद-फरोख्त के किसी भी प्रयास को रोकने के लिए ऐहतियाती कदम उठाया गया है। बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह कहा, तेलंगाना में नई सरकार बनी है, हम सभी मुख्यमंत्री से मिलेंगे, उन्हें बधाई देंगे। सूत्रों ने बताया कि विधायकों के 11 फरवरी तक हैदराबाद में रहने की संभावना है।

### हमारे पास 128 विधायक, उनकी जरूरत नहीं : चौधरी

इस बीच, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा, घुमने के लिए ले गए हैं, घूमने दीजिए। वे पहले दिल्ली आए। अब उनको हैदराबाद ले जा रहे हैं तो अच्छी बात है। विधायक घूमेंगे और नवाबों के शहर को देखेंगे। हमारे पास 128 विधायक हैं तो हमें उनकी जरूरत नहीं है। हमें कांग्रेस और राजद का समर्थन नहीं चाहिए। हमें जनता का समर्थन चाहिए। जनता के बल पर एनडीए की सरकार 2020 में बनी है। ये बीच में चोरी करने के लिए कुछ लोग आए थे तो सबका इलाज होगा।

## अजित ने फिर साधा शरद पवार पर निशाना

# लोस चुनाव में पार्टी उम्मीदवारों के लिए मांगे वोट

**एजेंसी** | मुंबई

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने रविवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार की उम्र को लेकर फिर कटाक्ष किया। उन्होंने अपने समर्थकों से कहा कि वे उनकी बात को उसी तरह सुनें, जैसे वे पहले किसी वरिष्ठ की बात सुनते थे। पुणे जिले के बारामती में एक सभा में अजिज पवार ने शरद पवार का नाम लिए बिना कहा, मुझे नहीं पता कि कुछ लोग कब रुकने वाले हैं। यह एक भावुक अपील होगी कि यह उनका आखिरी चुनाव होगा। पता नहीं आखिरी चुनाव कौन सा होगा। अजित पवार पिछले साल जुलाई में शरद पवार की राकांपा से अलग हो गए थे। वह और उनके आठ विधायक एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल हो गए थे। तब से वह लगातार कहते रहे हैं कि बुजुर्गों को अगली पीढ़ी के लिए रास्ता देना चाहिए।



### अजित का बयान अमानवीय: जितेंद्र अव्हाड

वहीं, शरद पवार गुट के विधायक जितेंद्र अव्हाड ने कहा कि उप मुख्यमंत्री ने अपनी टिप्पणी से सारी हदें पार कर दीं हैं। उन्होंने कहा, अजित पवार को अपने अमानवीय बयान पर विचार करना चाहिए।

## केजरीवाल ने भाजपा पर साधा निशाना, कहा...

# कुछ भी हो, नहीं रुकेंगे विकास कार्य

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि लोगों के लिए उनकी सरकार की ओर से किए जा रहे विकास कार्य नहीं रुकेंगे, भले ही उन्हें जेल भेज दिया जाए।

भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि वह उनके विधायकों को तोड़ने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, मनीष सिसोदिया को जेल में डाल दिया गया, क्योंकि उन्होंने स्कूल बनाए. सत्येन्द्र जैन को जेल भेजा गया क्योंकि उन्होंने मोहल्ला क्लीनिक बनाए। दिल्ली के किराड़ी में चार सरकारी स्कूलों के शिलान्यास के दौरान बोले केजरीवाल ने यह बात कही।

केजरीवाल ने कहा कि, वे कहते हैं भाजपा में आ जाओ, हम छोड़ देंगे। मैंने कहा बिल्कुल नहीं आऊंगा।, कतई नहीं आऊंगा भाजपा में, क्यों आ जाएं भाजपा में । भाजपा में चले जाओ तो सारे खून माफ! वे जो मर्जी षड्यंत्र कर लें, हमारे खिलाफ कुछ नहीं होने वाला। हमने कौन सा गलत काम किया है?

**राज्यों के दौरे पर कांग्रेस अध्यक्ष**

# राज्यों में केंद्र के हस्तक्षेप से कमजोर हो रहा संघवाद का सिद्धांत: खरगे

**एजेंसी** | त्रिशूर (केरल)

कांग्रेस के चुनाव अभियान के तहत राज्यों का दौरा कर रहे पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य शासन में केंद्र का हस्तक्षेप संघवाद के सिद्धांतों को कमजोर करता है। राज्यों की राजनीतिक स्वायत्तता को कमजोर करने का प्रयास लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है।

खरगे केरल के त्रिशूर जिले में केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी की एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। राज्यों के दौरे के तहत खरगे इससे पहले उत्तराखंड, ओडिशा और दिल्ली में पार्टी की सभाओं को संबोधित कर चुके हैं। बिहार और झारखंड में जारी सियासी उथल-पुथल के बीच खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार न केवल राज्य सरकारों को परेशान कर रही है, बल्कि देश की गरीब जनता और महिलाओं को भी कुचल भी रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं में पंडित जवाहरलाल नेहरू जैसी राजनीतिक कौशल की कमी है।



### देश के लोकतांत्रिक ढांचे को बनाए रखने के लिए एकजुट होना है जरूरी

खरगे ने कहा कि हमें अपने अधिकारों की रक्षा करनी होगी। अपने देश के लोकतांत्रिक ढांचे को बनाए रखना होगा और इसके लिए एकजुट होना जरूरी है। केरल में यूडीएफ गठबंधन के साथ कांग्रेस पार्टी इन हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी ने लोगों को परेशान कर रखा है। उनका जीवन यापन मुश्किल हो गया है। भाजपा शासन ने सार्वजनिक क्षेत्र को पूरी तरह से खत्म करने और केवल निजी क्षेत्र को समर्थन देने का फैसला किया है। देश में मौजूद बेरोजगारी और मुद्रास्फीति के संयोजन ने प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में गरीबों के संघर्ष को बदतर बना दिया है।

### कांग्रेस आदिवासियों के जल-जंगल-जमीन के हक के साथ: राहुल



धनबाद: कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी आदिवासी लोगों के 'जल-जंगल-जमीन' और युवाओं के रोजगार के पक्ष में खड़ी है। राहुल अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान रविवार को झारखंड के धनबाद जिले में एक रोडशो को संबोधित कर रहे थे। यात्रा रविवार को धनबाद शहर के गोविंदपुर से फिर से शुरू हुई। राहुल ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को निजी पक्षों को बेचने से बचाना और देश के नौकरीपेशा युवाओं और आदिवासियों के लिए न्याय सुनिश्चित करना है।

### राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल होने का निमंत्रण नहीं मिला: अखिलेश यादव



**लखनऊ**। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि उन्हें कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने का निमंत्रण नहीं मिला है। अखिलेश ने उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी की यात्रा को लेकर पूछे गए एक सवालके जवाब में कहा, कई बड़े आयोजन होते हैं, लेकिन हमें आमंत्रित नहीं किया जाता।

**यात्रा मार्ग हो रहा है तैयार: कांग्रेस**

वहीं,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि अंतिम कार्यक्रम अभी तय नहीं हुआ है और पार्टी गठबंधन सहयोगियों को आमंत्रित करने के लिए तैयार है। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पोस्ट में कहा, उत्तर प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का विस्तृत मार्ग और कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है। इसे एक या दो दिन में अंतिम रूप दे दिया जाएगा। इसके बाद इसे गठबंधन के साथ साझा किया जाएगा।

## जरूरी खबर

### असम: मणिपुर पुलिस के प्रशिक्षु भिड़े, 7 घायल

**गोलाघाट।** असम के गोलाघाट जिले में लचित बोरफुकन पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे मणिपुर पुलिस के कैडेट के दो समूहों के बीच झड़प हो जाने से सात प्रशिक्षु घायल हो गए। डेरगांव स्थित अकादमी में एक प्रशिक्षु शनिवार को रात के खाने के समय स्थानीय बाजार से शराब लेकर आया था जिसके बाद उसने तथा एक अन्य प्रशिक्षु ने एक दूसरे को अपशब्द कहें और फिर दोनों में हाथापाई शुरू हो गई। अकादमी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह हाथापाई दो समूहों के बीच संघर्ष में बदल गई। मारपीट के कारण मणिपुर के सात प्रशिक्षु घायल हो गए। तीन घायलों को बेहतर इलाज के लिए जोरहाट चिकित्सकीय महाविद्यालय एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि चार घायलों को स्थानीय अस्पताल में भेजा गया और उन्हें प्रारंभिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

### मोदी आज देंगे धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब



**नई दिल्ली।** देश में आगामी लोकसभा चुनाव से पहले आखिरी संसद सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देंगे। भाजपा ने इसके लिए अपने सभी सांसदों को पांच फरवरी को सदन में उपस्थित रहने के लिए एक व्हिप जारी किया है। कहा जा रहा है कि पीएम मोदी धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान एक महत्वपूर्ण भाषण दे सकते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 31 जनवरी को सत्र की शुरुआत में संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित किया था। जिसके बाद लोकसभा और राज्यसभा दोनों में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हुई।

### न्यायपालिका आम लोगों की पहुंच में होनी चाहिए: शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि न्यायपालिका में तकनीक का इस्तेमाल बढ़ने से पूरा सिस्टम सरल बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका आम लोगों की पहुंच में होनी चाहिए।। उन्होंने पूरे सिस्टम को सुलभ, किफायती और जवाबदेह बनाने की दिशा में प्रयास किए जाने का आह्वान भी किया। शाह ने कॉमनवेल्थ अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल कॉन्फ्रेंस के समापन सत्र में यह बात कही। अपराध और अपराधी भौगोलिक सीमाओं का सम्मान नहीं करते।

## पीएम मोदी का भावभीना स्वागत



*गुवाहाटी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार और रविवार को दो दिन असम के दौरे पर रहे जहां उन्होंने कई कार्यक्रमों में भाग लिया। वे शनिवार शाम गुवाहाटी पहुंचे थे। इस मौके पर उनका शानदार स्वागत किया गया। पीएम मे स्वागत कार्यक्रम में नृत्य की प्रस्तुति देते कलाकार।*

### उड़ान के दौरान महिला यात्री के साथ छेड़छाड़

**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट की कोलकाता से बागडोगरा जाने वाली एक फ्लाइट में सवार महिला ने अपने सह-यात्री पर अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया है। स्पाइसजेट के प्रवक्ता के अनुसार, घटना के बाद चालक दल ने पुरुष यात्री की सीट बदल दी। प्रवक्ता ने कहा कि यह घटना 31 जनवरी की है। हालांकि, आरोपी सह-यात्री ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है।

एयरलाइन ने कहा कि आरोपी सह-यात्री द्वारा सीआईएसएफ कर्मचारियों की उपस्थिति में माफी मांगने के बाद महिला यात्री बिना कोई लिखित शिकायत दर्ज किए बागडोगरा हवाई अड्डे से चली गई। बागडोगरा हवाईअड्डे पर पहुंचने पर दोनों यात्रियों को स्पाइसजेट सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा सीआईएसएफ अधिकारियों के पास लाया गया। महिला यात्री ने सह-यात्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस पर, आरोपी सह-यात्री ने सीआईएसएफ स्टाफ की उपस्थिति में माफी मांगी।

**हिमपात:** श्रीनगर हवाई अड्डे से उड़ानें रद्द, हिमाचल में 475 सड़कें बंद

# कश्मीर घाटी, हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड में बिछी बर्फ की चादर

एजेंसी | जम्मू/ देहरादून

कश्मीर घाटी, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के कारण रविवार को जनजीवन प्रभावित हुआ। इन राज्यों में बर्फबारी से पहाड़ों ने खुद को बर्फ की सफेद चादर से ढक लिया है। जम्मू कश्मीर में श्रीनगर हवाई अड्डे पर सभी उड़ानें रद्द कर दी गईं। हिमाचल प्रदेश में देश में ताजा हिमपात के कारण 475 सड़कें बंद हैं और इन्हें खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं।

हिमपात से इन राज्यों में जनजीवन बाधित हुआ है। कई जगह बर्फ हटाने का काम जारी है। हिमाचल प्रदेश में रोहतांग में तीन फीट, नारकंडा, कुफरी, रोहड़ू, चौपाल व मनाली में आधा फीट से अधिक हिमपात हुआ है। उत्तराखंड में चारधाम के साथ ही रुद्रप्रयाग में कालिशिला, चोपता तुंगनाथ, मदमहेश्वर घाटी के साथ ही चमोली जिले में हेमकुंड साहिब औली समेत हिमालय की चोटियों पर भी लगातार जोरदार बर्फबारी हो रही है। दूसरी ओर पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, दिल्ली, एनसीआर, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में रविवार की सुबह से मौसम बिगड़ा हुआ है।



@ कश्मीर

### कश्मीर में हिमस्खलन की चेतावनी

कश्मीर के पर्वतीय इलाकों के लिए हिमस्खलन की चेतावनी दी गई है और स्थानीय निवासियों से अगले 24 घंटों के लिए अनावश्यक आवाजाही से बचने का आग्रह किया है। दक्षिण कश्मीर का काजीगुंड शहर शनिवार को सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके बाद कोकेरनाग में 3.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया. उत्तरी कश्मीर में गुलमर्ग स्कीइंग रिजॉर्ट में पारा पिछले 72 घंटों से हिमांक बिंदु से कई डिग्री सेल्सियस नीचे बना हुआ है। रविवार को न्यूनतम तापमान शून्य से सात डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक एक साथ तीन विक्षोभ की सक्रियता के चलते पहाड़ों पर शुरू हुई बर्फबारी अभी मंगलवार तक जारी रह सकती है।

### कई उत्तरी राज्यों में बारिश से बिगड़ा मौसम

मौसम विभाग ने रविवार के लिए उत्तर भारत के सभी राज्यों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर का कुछ हिस्सा, चंडीगढ़, दिल्ली, एनसीआर, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश समेत राजस्थान में रविवार की सुबह से मौसम बिगड़ा हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक रविवार और सोमवार को पहाड़ी इलाकों पर बर्फबारी जारी रहेगी। जबकि मैदानी इलाकों में बारिश के साथ ओलावृष्टि होगी। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक सोमवार रात तक उत्तर भारत के इलाकों में इस तरीके के मौसम के बने रहने के आसार हैं।

UCC मसौदे को मंजूरी

# विधानसभा में कल पेश किया जा सकता है विधेयक

बेधड़क | देहरादून

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में रविवार को हुई कैबिनेट की बैठक में समान नागरिक संहिता (यूसीसी)के मसौदे को मंजूरी दी गई। अब आगामी छह फरवरी से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र में इससे संबंधित विधेयक पेश किया जाएगा। सीएम धामी ने शनिवार को भी यूसीसी के ड्राफ्ट पर चर्चा करने के लिए कैबिनेट की बैठक बुलाई थी।

बता दें कि उत्तराखंड के लिए समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करने वाली समिति की प्रमुख सिफारिशों में बहुविवाह और बाल विवाह पर पूर्ण प्रतिबंध, सभी धर्मों की लड़कियों के लिए विवाह योग्य समान आयु और तलाक के लिए समान आधार व प्रक्रियाएं शामिल होने की बात कही जा रही है।

आयोग ने यह सिफारिश भी की है कि लड़कों और लड़कियों को समान विरासत का अधिकार होगा, विवाह का पंजीकरण अनिवार्य किया जाएगा और लड़कियों के लिए विवाह योग्य आयु बढ़ाई जाएगी, ताकि वे शादी से पहले स्नातक तक की पढ़ाई कर सकें। सूत्रों ने कहा कि जिन जोड़ों की



शादियां पंजीकृत नहीं हैं, उन्हें कोई सरकारी सुविधा नहीं मिलेगी और ग्रामीण स्तर पर विवाह पंजीकरण की व्यवस्था की जाएगी। हालांकि, मसौदा आधिकारिक तौर पर सार्वजनिक नहीं किया गया है ।सूत्रों ने कहा कि सिफारिशों में यह भी कहा गया है कि सभी को गोद लेने का अधिकार मिलेगा।

यहां तक कि मुस्लिम महिलाओं को भी गोद लेने का अधिकार होगा और इसकी प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हलाला और 'इद्दत' की प्रथाओं पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। इसके अलावा, 'लिव-इन रिलेशनशिप' के बारे में जानकारी देना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि यह एक स्व-घोषणा होगी, जिसके लिए एक कानूनी प्रारूप होगा।

**परीक्षा माफिया पर कसेगी लगाम**

## संसद में आज पेश हो सकता है विधेयक

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने युवाओं के सरकारी नौकरी पाने के सपने के लिए धुन बने परीक्षा माफिया पर लगाम लगाने की तैयारी करली है। इस क्रम में सरकार सोमवार को संसद में नया विधेयक पेश कर सकती है। जिसमें परीक्षा में गड़बड़ी करने वालों को 10 साल तक की जेल की सजा और एक करोड़ तक जुर्माने का प्रावधान किए जाने की संभावना है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 31 जनवरी को बजट सत्र के पहले दिन अपने अभिभाषण में परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने के लिए इस कानून को लाने जाने की जानकारी दी थी।

नए कानून के दायरे में जेईई, नीट और सीयूईटी सहित सभी प्रतियोगी और भर्ती परीक्षाओं पर प्रभावी होगा। इसके दायरे में सभी राज्य आएंगे।

### मेघालय में भूकंप के तेज झटके

**नई दिल्ली।** मेघालय में रविवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार रविवार दोपहर 2:37 बजे मेघालय के पूर्वी गारो हिल्स में भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.5 मापी गई।



**पूर्व लोकसभा अध्यक्ष अयंगर को किया नमन**

**नई दिल्ली।** लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष एमए अयंगर को रविवार को उनकी जयंती के अवसर पर नई दिल्ली में पुराने संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला व अन्य नेताओं ने नमन किया और उनके कार्यों को याद किया

**विधि आयोग की सिफारिश: कानून में संशोधन का सुझाव**

# पब्लिक प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाया तो क्षति के बराबर जुर्माना

एजेंसी | नई दिल्ली

विधि आयोग ने सरकार से सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों से कड़ाई से निपटने समेत कई सिफारिश की हैं। आयोग ने कहा है कि सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में जिम्मेदार किसी भी व्यक्ति या संगठन पर सार्वजनिक/निजी संपत्तियों को होने वाले नुकसान के बराबर भारी जुर्माना लगाने की सिफारिश की है।

आयोग ने कहा है कि आरोपी व्यक्ति को तभी जमानत मिले, जब उनके द्वारा किए नुकसान के बराबर धनराशि जमा करा दी जाए। साथ ही आयोग ने सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण (पीडीपीपी) अधिनियम में संशोधन का सुझाव भी दिया है।



फाइल फोटो

आयोग के अध्यक्ष जस्टिस ऋतु राज अवस्थी की अगुवाई वाली कमेटी ने अपनी 284वीं रिपोर्ट में यह बातें कहीं हैं। आयोग ने रिपोर्ट में कहा है कि सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में पीडीपीपी अधिनियम के तहत अपराधों से संबंधित आपराधिक मामलों में दोषसिद्धि और सजा का डर ही पर्याप्त नहीं है। सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों की जमानत शर्त और कड़ी होनी चाहिए। ज्ञात रहे कि दिल्ली तथा राज्यों की राजधानियों में बार-बार विपक्षी दलों और अन्य समूहों की तरफ से लगातार विरोध प्रदर्शन के आह्वान के कारण की जाने वाली नाकेबंदी को देखते हुए विधि आयोग की यह रिपोर्ट बहुत महत्वपूर्ण है। इस तरह के विरोध प्रदर्शन, नाकेबंदी के कारण नियमित अंतराल पर सार्वजनिक/निजी संपत्तियों को नुकसान होता है। आयोग ने ऐसे संगठन के जिम्मेदार पदाधिकारियों को अपराध के लिए उकसाने का दोषी मानते हुए कानून में संशोधन की सिफारिश भी की है।

### संपत्ति के बाजार मूल्य के बराबर होगा जुर्माने का आकलन

विधि आयोग के अनुसार जुर्माने के रूप में वह राशि शामिल होगी जो क्षतिग्रस्त सार्वजनिक संपत्ति के बाजार मूल्य के बराबर होगी। जहां क्षतिग्रस्त संपत्ति का मूल्य पैसे के संदर्भ में किया जाना संभव नहीं है, ऐसे में मामले के तथ्य और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जुर्माने की राशि अदालत तय कर सकती है। कमेटी ने कहा कि इस उद्देश्य के लिए, सरकार केरल की तर्ज पर एक अलग कानून ला सकती है। केरल में निजी संपत्ति को नुकसान की रोकथाम और मुआवजे का भुगतान अधिनियम लाया गया था। इसे भारतीय न्याय संहिता की लागू धाराओं में संशोधन और जोड़कर भी हासिल किया जा सकता है।

### राजनीतिक दलों, संगठनों को रहना होगा सचेत

आयोग ने अधिकार समूहों और राजनीतिक दलों को इस तथ्य के प्रति सचेत रहने के लिए आगाह किया है कि उनके अधिकार का प्रयोग संयम के साथ और हर समय, शांतिपूर्वक किया जाना चाहिए। इस संबंध में, उसने सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 का हवाला दिया। इस अधिनियम का उद्देश्य सार्वजनिक संपत्ति पर निर्देशित बर्बरता के कृत्यों को अपराध बनाना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उक्त कानून पारित होने के बाद भी, सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान बेरोकटोक जारी रहा, जिससे सुप्रीम कोर्ट को स्वत: संज्ञान लेने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### छत्तीसगढ़ विधानसभा का सत्र आज से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित विधानसभा का पहला बजट सत्र सोमवार से शुरू होगा और वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राज्य का बजट नौ फरवरी को पेश किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने रविवार को बताया कि सत्र की शुरुआत राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के अभिभाषण से होगी। उन्होंने बताया कि राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा सात और आठ फरवरी को प्रस्तावित है और राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी नौ फरवरी को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए तीसरा अनुपूरक बजट सोमवार को सदन में पेश किया जाएगा।

## झलकियां









JLF: लिट फेस्ट में बरसात आई तो जिसके पास जो था उसी से भीगने से बचने की कोशिश करता नजर आया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**कॉमन येट अन कॉमन: जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में लेखिका को सुनने के लिए बरसात में भी डटे रहे लोग**

# कोई भी व्यक्ति सिर्फ व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरी किताब: सुधा मूर्ति

बेधड़क | जयपुर

जानी-मानी लेखिका और समाज सेवी सुधा मूर्ति ने कहा कि मुझे लोगों और उनकी जिंदगी के बारे में जानने में बहुत ज्यादा दिलचस्पी है। इसके पीछे मेरा मानना है कि कोई व्यक्ति सिर्फ एक व्यक्ति नहीं है, बल्कि पूरी किताब है। उन्होंने कहा कि मैं खुश या उदास होने पर नहीं लिखती हूं। मैं इसलिए लिखती हूं कि मैं कहानियां बताना चाहती हूं। सुधा मूर्ति जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के चौथे दिन रविवार को कॉमन येट अन कॉमन सत्र में बात कर रही थीं। इस दौरान सुधा मूर्ति को सुनने-देखने के लिए लोगों की लाइन लगी रही। चलते सेशन में बरसात आ जाने के बाद भी लोग हिले नहीं, भीगते हुए उन्हें तल्लीनता से सुनते रहे।



इंफोसिस के फाउंडर नारायण मूर्ति की पत्नी और अब तक 25 किताबें लिख चुकीं सुधा मूर्ति ने कहा कि कहीं पर लोग झगड़ रहे होते हैं तो मैं रुक जाती हूं। ऐसा मैं इसलिए करती हूं कि मुझे यह जानने की इच्छा होती है कि वे क्यों झगड़ रहे हैं। मैं शादियों में जाकर भी लोगों को देखती हूं। वहां में देखना चाहती हूं कि एक लड़की और एक लड़का आपस में एक दूसरे को कैसे देखते हैं। उन्होंने अपनी किताब के बारे में बात करते हुए कहा कि मेरे वो सारे अनुभव मेरी किताब में हैं और सारे सच हैं। बस उस आखिरी हिस्से को छोड़कर, जिसमें मैंने नारायण मूर्ति से मुलाकात का किस्सा लिखा है।

### मैं कोई आध्यात्मिक गुरु नहीं, बस एक सिंपल पर्सन

सुधा मूर्ति अपने बचपन पर बात करते हुए कहा कि मैं जब बचपन से इंजीनियर बनना चाहती थी। जय यह बात मैंने पिताजी को बताई तो उन्होंने अपने मिलने वालों सजेशन लिया। सबने कहा कि हर साल 800 इंजीनियर बनते हैं। ये मत करवाओ। इस सबके बावजूद पिताजी ने मुझे आगे बढ़ाया। सुधा मूर्ति ने लोगों को आशीर्वाद देने वाली बात का जवाब देते हुए बोली मैं कोई अध्यात्मिक गुरु नहीं हूं मैं एक सिंपल पर्सन हूं।

### जब भी समय मिले बच्चे बन जाएं और खेलें

उन्होंने कहा कि मुझे अपने जीवन में दो चीजों का अफसोस है। एक तो मुझे तैरना नहीं आता, वो इसलिए कि मैं जहां की रहने वाली हूं वहां पर पीने के पानी का भी संकट है तो तैरने के लिए पानी मिलने की तो सोचना भी बेमानी है। दूसरा अफसोस मुझे स्पोर्ट्स नहीं खेल पाने और योग नहीं कर पाने का है, जबकि ये दोनों ही मुझे बहुत ही ज्यादा पसंद है। इसीलिए मैं आप लोगों से कहना चाहती हूं कि मुझे तो वक्त नहीं मिल पाया, लेकिन आप अपने लिए समय निकालिए। जब भी समय मिले बच्चे बन जाइए और खुलकर खेलिए।

### डिमांड तुरंत पूरी होने से इंतजार का आनंद खत्म

सुधा मूर्ति ने जेएलएफ के चारबाग वेन्यू में अपनी किताब और लाइफस्टाइल को लेकर पूछे गए सवालों के भी जवाब दिए। उन्होंने कहा कि मैं जैसी दिखती हूं, वैसी ही हूं। मैं जब बच्चों की किताब लिखने बैठती हूं तो उसे पहले मैं बच्चा बन जाती हूं। किताब पूरी होने के दो-तीन दिन बाद मैं फिर बड़ी होती हूं। उन्होंने कहा कि आजकल बच्चों की डिमांड पेरेंट्स तुरंत पूरा कर देते हैं इसलिए बच्चे को उस जॉय की जानकारी ही नहीं है जो किसी चीज का इंतजार करने के बाद होता है।

**कांग्रेस नेता शशि थरूर ने संवैधानिक संस्थाओं की कार्य प्रणाली पर उठाए सवाल...**

# रबड़ स्टाम्प की तरह काम कर रही हैं लोकतांत्रिक संस्थाएं

बेधड़क | जयपुर

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने कहा कि मीडिया मूल मुद्दों और जनता की समस्याओं से भटक गई है। मीडिया सिर्फ सरकार के लिए नेरेटिव सेट करने का काम कर रही है। न्यायपालिका में भी हालत खराब हो गए हैं। वे लिटरेचर फेस्ट में आयोजित सेशन में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि सीएए को लेकर देश में बहुत बड़ा प्रदर्शन किया गया। दिल्ली के शाहीन बाग जाने वाला मैं पहला नेता था। कांग्रेस पार्टी ने भी इस मुद्दे को लेकर देशभर में विरोध किया, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

मोदी के आने के बाद सदन में भी विपक्ष को अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दिया जा रहा है। लोकतांत्रिक संस्थाएं रबर स्टाम्प की तरह काम कर रही हैं। मैं यहां पर किसी एक नेता का नाम लेकर विवाद नहीं खड़ा करना चाहता हूं।




सभी फोटो पंकज शर्मा

### सरकार में आएंगे तब बताएंगे-विपक्ष का नेता कौन?

10 साल में 'मैं आई माय सेल्फ' हो रहा है। जो किसी इंडिविजुअल व्यक्ति से जुड़ा है। ऐसे में विपक्ष को वोट दीजिए। फिर जब सरकार में आएंगे विपक्ष के नेता के बारे में बताएंगे। लिट फेस्ट में बोलते हुए शशि थरूर ने देश की संवैधानिक संस्थाओं की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाते हुए ईडी, सीबीआई को रबर स्टाम्प बताया। साथ ही कहा, कि पहले 80 फीसदी बिल संसदीय समिति के पास जाते थे। 2014 के बाद 16 फीसदी जाने लगे अब तो और कम हो गए। सेशन में थरूर के साथ इंद्रजीत राय भी मौजूद रहे। उनके साथ निधि राजदान ने बात की। थरूर ने डेमोक्रेसी पर कहा कि जिस डेमोक्रेसी को सही तरह से लागू करने के लिए पिछली सरकारों ने काफी मेहनत की, लेकिन अब हालात बदल गए हैं।

### जितना हो सके डिप्रेशन से दूर रहें

फ्रंट लॉन में हुए सेशन में शशि थरूर ने जोसेफ जकारिया के साथ अपनी लेटेस्ट किताब 'द लेस यू प्रीच, द मोर यू लर्न' पर चर्चा की। थरूर ने कहा- किसी भी काम में सफलता प्राप्त करने के लिए निराशा और असुरक्षा की भावना से दूर रहना चाहिए। आपको ज्यादा से ज्यादा अपने परिवार, दोस्तों और वेल विशर्स के साथ समय बिताना चाहिए। अपनी सेहत पर काम करें ओर जितना हो सके डिप्रेशन से दूर रहें। बुद्धिमान व्यक्ति को दूसरों को उपदेश देने से बचना चाहिए। ज्यादा से ज्यादा सीखने पर ध्यान देना चाहिए।

**भगवती सरस्वती ने शेयर की जर्नी**

# बचपन की बेचैनी ने साध्वी बनने के लिए किया प्रेरित



बेधड़क | जयपुर

सत्र 'हॉलीवुड टू हिमालयाज' की शुरुआत में भगवती सरस्वती ने अपने बचपन और बेवर्ली हिल्स, कैलिफोर्निया में बीते समय को याद किया। उन्होंने कहा कि उन दिनों में उन्हें एक बेचैनी रहती थी, जिसने आखिरकार उन्हें साध्वी बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने गंगा किनारे बिताए शुरुआती दिनों और अपने आसपास महसूस की गई दिव्यता को याद किया। अपनी किताब के माध्यम से भगवती सरस्वती ने अपने अनुभव को लोगों के लिए उपलब्ध कराया है। उनकी किताब में हॉलीवुड से हिमालय तक के सफर का वर्णन है। सत्र के अंत में उन्होंने श्रोताओं को गाइडेड मैडिटेशन का अभ्यास कराया।

### संसार सिर्फ हमारा, यही सबसे बड़ा झूठ

'द गोल्डन मोल' सत्र में प्रसिद्ध लेखिका कैथरीन रुंडेल की किताब, द गोल्डन मोल: एंड अदर लीविंग ट्रेजर पर चर्चा हुई। इस किताब में कैथरीन ने इस दुनिया के दूसरे इंटेलीजेंट जीवों की बात की है। इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि मानवता का सबसे बड़ा झूठ यही है कि ये संसार सिर्फ हमारा है। इस किताब के पीछे उनका मकसद इस धरती की दूसरी प्रजातियों के बारे में बात करना ही है। पांडा, हाथी, गेंडे से लेकर उन्होंने श्रोताओं को प्रकृति के कई अपेक्षित रहस्यों के बारे में बताया। सत्र का अंत उन्होंने इसी बात से किया कि दुनिया को इन प्रजातियों के बारे में और ज्यादा जानने की जरूरत है।

# जलवायु में परिवर्तन ने नाटकीय रूप से बदल दिया पूरी दुनिया को

**■ पीटर फ्रैंकोपैन ने की किताब पर चर्चा**

बेधड़क | जयपुर

'द अर्थ ट्रांसफॉर्मः एन अनटोल्ड हिस्ट्री' सत्र में इतिहासकार और लेखक पीटर फ्रैंकोपैन ने अपनी किताब पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे जलवायु परिवर्तन ने दुनिया को नाटकीय रूप से बदल दिया है। फ्रैंकोपैन ने इतिहास और सभ्यताओं में मौलिक भूमिका निभाने के बावजूद, प्रकृति की कमी, जैव विविधता की हानि और भूवैज्ञानिक गठन में जागरूकता की कमी के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने इतिहास के एक निश्चित प्रकार के विचार के बारे में बात की, जिसमें केवल मनुष्यों की कहानियां शामिल हैं, लेकिन उनके जीवन को प्रभावित करने वाले प्राकृतिक कारक नहीं। उन्होंने कहा कि हम सभी मौसम की स्थिति पर विचार किए बिना अतीत के बारे में सोचते रहते हैं।

### 'प्रधानमंत्री असुरक्षित होते हैं, अंधविश्वासी होते हैं'

पत्रकार और राजनीतिक टिप्पणीकार नीरजा चौधरी ने नेताओं के जीवन के प्रति सहानुभूति जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री अकेले होते हैं, प्रधानमंत्री असुरक्षित होते हैं, प्रधानमंत्री अंधविश्वासी होते हैं। प्रधानमंत्री हर तरह के दबाव के अधीन होते हैं। पत्रकार और राजनीतिक टिप्पणीकार नीरजा चौधरी की नई किताब, हाउ प्राइम मिनिस्टर्स डिसाइड स्वतंत्र भारत के छह प्रमुख प्रधानमंत्रियों के जीवन और निर्णयों पर प्रकाश डालती है।

# नरम भ्रष्टाचार और निजी धन की भयावहता से कराया रू-ब-रू

**■ कीफ को हेल्थ क्राइसिस से मिली प्रेरणा**

बेधड़क | जयपुर

सत्र 'एम्पायर ऑफ पेन' का नाम पैट्रिक रैडेन कीफ की बैली गिफोर्ड से सम्मानित किताब के नाम पर पड़ा। इस किताब को उन्होंने 1990 के दशक में संयुक्त राज्य अमेरिका को पंगु बनाने वाले ओपिओइड हेल्थ क्राइसिस से प्रेरित होकर लिखा है। उन्होंने दर्शकों को नरम भ्रष्टाचार और निजी धन की भयावहता और फार्मास्यूटिकल्स सहित किसी भी उद्योग पर पड़ने वाले व्यापक प्रभाव से अवगत कराया। संकट को 'पारिवारिक गाथा' के रूप में संदर्भित करते हुए, कीफ ने कहा कि यह एक परिवार था, जिसने वास्तव में इस संकट को पैदा करने में मदद की थी। मुझे हमेशा नैतिक सवालों और परिवारों की कहानियों में दिलचस्पी रही है और यही चीज़ मुझे आकर्षित करती है।

**'टाइम शेल्टर' सत्र में लेखन पर चर्चा**

# गढ़ा गया अतीत बहुत खतरनाक होता है: गोर्गी

बेधड़क | जयपुर

इंटरनेशनल बुकर पुरस्कार से सम्मानित लेखक गोर्गी गोस्पोदिनोव ने कहा कि समस्या तब होती है, जब कोई पूरे देश के अतीत की खुशनुमा यादें बनाने की कोशिश करता है। यह बहुत खतरनाक है। अतीत एक निजी अनुभव है। गोर्गी 'टाइम शेल्टर' सत्र में अपने किताब और लेखन पर बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देखा जाए तो यह अतीत गढ़ा गया अतीत है और इसीलिए यह खतरनाक है। जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने अपनी किताब में अलग-अलग देशों के लिए सबसे सुखद दशकों को कैसे चुना, तो उन्होंने गंध और संगीत का उल्लेख करते हुए उन्हें स्मृति के महान अनलॉकर कहा। गोस्पोदिनोव ने अपने दादा-दादी के साथ बड़े होने के समय को भी बड़े प्यार से याद किया, जिन्होंने उनमें रचनात्मकता और कल्पना की भावना पैदा की। उन्होंने कहा कि यदि आप रोजमर्रा की चीजों में, साधारण चीजों में उत्कृष्टता पा सकते हैं, तो आप सुरक्षित हैं।

**फिल्म मेकर विशाल भारद्वाज और सुतापा सिकदर ने की एक्टर की लाइफ पर बात**

# इरफान खान की आंखें और उनकी स्माइल ही कह देती थी सब कुछ

बेधड़क | जयपुर

फिल्म डायरेक्टर विशान भारद्वाज ने कहा कि इरफान वो कलाकार थे कि उनकी आंखें और स्माइल ही अपनी बात कह देती थी। वो जिस तरह से महिलाओं को इज्जत देते थे, उनकी वह बात मुझे बहुत अच्छी लगती थी। मेरी फिल्मों को उन्होंने ही ऊंचाई दी है।

भारद्वाज जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के चौथे दिन रविवार को शाम 5:30 से 6:20 बजे तक फ्रंट लॉन में एक्टर इरफान पर हुए सेशन इरफानः ए लाइफ इन मूवीज में बोल रहे थे। सेशन में एक्टर पर शुभ्रा गुप्ता, सुतापा सिकदर और विशाल भारद्वाज से सत्या सरन ने बातचीत की।

फेस्टिवल में भारद्वाज ने एक्टर इरफान खान से जुड़ा एक बड़ा राज खोला। उन्होंने बताया कि इरफान लाइटर छुपा कर फ्लाइट में ले जाते थे। वे लाइटर को इस तरह से बेल्ट में छुपाते थे किसी को खबर तक नहीं होती थी। उनमें इतना भोलापन था कि वे वे बच्चों की तरह हंसकर अपनी बात कह देते थे।




### मन में हमेशा भरी रहती थी बदमाशी

विशाल भारद्वाज ने सात खून माफ मूवी के टाइम की यादें शेयर करते हुए कहा कि जब मैं यह फिल्म कर रहा था, तो उससे पहले हम मिले। उस समय इरफान बिल्कुल उस चाइल्ड की तरह थे जो कोई खून करके आया है। बाहर मुस्कुरा रहा है। उनकी इस अदा ने ही उनसे कनेक्ट किया। वे हमेशा मस्ती करते रहते थे। इरफान के मन में बदमाशी भरी रहती थी।

### अंडर स्टैंडिंग से सुखद रही लाइफ: सुतापा

इरफान की पत्नी सुतापा ने हसबैंड से अपने संबंधों पर बात करते हुए कहा कि कहा कि इरफान और वो पति-पत्नी के साथ ही बहुत अच्छे दोस्त थे। हम दोनों हर चीज आपस में एक दूसरे से शेयर करते थे। फिल्मों से लेकर म्यूजिक तक में हमारी पसंद सिमिलर थी। इरफान एनएसडी से आए थे। वह छोटे शहर से आए थे और मैं देश की राजधानी से। इस सबके बावजूद हमारी लाइफ सही से आगे बढ़ी तो वो हम दोनों की अंडर स्टैंडिंग के कारण।

### शॉर्ट कट नहीं, मेहनत का रास्ता अपनाएं

सुतापा सिकदर ने कहा कि जब इरफान पर बुक आई तब मैंने कहा था कि इसे जयपुर जरूर ले जाया जाना चाहिए। पुस्तक आज जयपुर में है। उन्होंने कहा कि इरफान को मेरी नजर से बताऊं तो वह एक ऐसा शाई लड़का था, जो अपनी ही दुनिया में खोया हुआ था। जो अपने सपनों के लिए जयपुर छोड़कर आया था। हम एनएसडी में मजे करते थे। इरफान हमेशा अपने सीनियर्स से नाटकों के किरदारों को समझने में लगा रहता था। आज के नए एक्टर्स को मैं यही कहना चाहूंगी कि उन्हें लाइफ में आगे बढ़ना है तो शॉर्ट कट छोड़कर मेहनत का रास्ता अपनाना चाहिए।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, सोमवार, 05 फरवरी, 2024



जीवन उसका ही बदलता है, जो आंखें बंद होने से पहले आंखें खोल लेता है।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### वालपराइसो क्षेत्र में 1100 से अधिक घर जलकर खाक, 46 मौत

# चिली के जंगलों में आग ने मचाया तांडव



एजेंसी | सैंटियागो

डिज पर्वत और प्रशांत महासागर के बीच दक्षिणी अमेरिका में स्थित चिली देश पर प्रकृति का कहर बरपा है। चिली के जंगलों में लगी आग तेजी से फैल रही है। हर तरफ आग ही आग नजर आ रही है। आसमान में काले धुएं का गुबार छाया हुआ है। सांस लेना मुश्किल हो रहा है। मृतकों की संख्या 46 पहुंच गई है। यह आंकड़ा अभी और बढ़ने की संभावना है। वालपराइसो क्षेत्र में 1,100 से अधिक घर जलकर नष्ट हो गए हैं। राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक ने इमरजेंसी घोषित कर दी है। साथ ही बचाव कर्मियों से सहयोग की अपील की है। राष्ट्रपति ने कहा कि मध्य चिली में विनाशकारी जंगल की आग ने वलपरिसो के घनी आबादी वाले क्षेत्र के आसपास कम से कम 46 व्यक्तियों की जान ले ली है। चिली की गृह मंत्री कैरोलिना तोहा ने बताया कि वर्तमान में देश के बीच और दक्षिण के 92 जंगल आग की चपेट में हैं। इस हफ्ते तापमान असामान्य रूप से ज्यादा रहा है। राष्ट्रपति बोरिक ने चिंता जताई है कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। क्योंकि वालपराइसो के चार प्रमुख जंगलों में आग लगी है। यहां तक पहुंचने में अग्निशमन कर्मियों को कठिनाई हो रही है।

### खंडहर बन गए घर और दुकानें

गृह मंत्री कैरोलिना तोहा ने कहा कि क्विलपुए और विला एलेमाना शहरों के पास आग में 8,000 हेक्टेयर (19,770 एकड़) जंगल जल गए। इस बीच, एक आग ने विना डेल मार के तटीय रिसॉर्ट शहर को भी अपनी चपेट में ले लिया। विला इंडिपेंडेंसिया को व्यापक तबाही का सामना करना पड़ा। यहां आवास, दुकानें जलकर खंडहर हो गई हैं। अधिकारियों ने कहा कि देश में गर्मी की लहर के चलते चिली में जंगल में लगी आग के कारण 14,000 हेक्टेयर भूमि भी क्षतिग्रस्त हो गई है।

### मालदीव के ईईजेड का लगा रहा चक्कर... सैटेलाइट से चला पता

# चीनी जहाजों से जासूसी

एजेंसी | माले

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू चीन के साथ मिलकर भारत विरोधी चाल चलने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। हाल में ही खुलासा हुआ है कि मालदीव में एक नहीं, बल्कि चीन के दो-दो जासूसी जहाज मौजूद हैं। चंद दिनों पहले चीनी जासूसी जहाज जियांग यांग होंग 03 मालदीव की जल सीमा में दाखिल हुआ था। इस जहाज के मालदीव पहुंचने के बाद पता चला है कि इस इलाके में पहले से ही एक और चीनी जासूसी जहाज मौजूद है। सैटेलाइट ट्रैकिंग डेटा से पता चला है कि चीनी कृषि मंत्रालय से संबंद्ध येलो सी फिशरीज रिसर्च इंस्टीट्यूट के 'लैन हाई 101' या 'ब्लू ओशन 101' जहाज ने मालदीव क्षेत्र में एक महीने से अधिक समय बिताया है।

### मालदीव के दक्षिण में मौजूद है दूसरा चीनी जहाज

सैटेलाइट एआईएस ट्रैकिंग के आधार पर पाया गया है कि दूसरा चीनी जहाज मालदीव के पश्चिम में हिंद महासागर में उसी पैटर्न में यात्रा कर रहा है। जासूसी जहाज आम तौर पर अनुसंधान करने के लिए एक खास पैटर्न में चलते हैं। यह जहाज 21 नवंबर, 2023 को चीन के किंगदाओ बंदरगाह से रवाना हुआ था। ट्रैकिंग डेटा से पता चलता है कि तब से जहाज ने कई मौकों पर मालदीव विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के करीब 70 मील की यात्रा की है। हालांकि, 5 दिसंबर, 2023 के बाद जहाज आमतौर पर इस्तेमाल की जाने वाली ट्रैकिंग साइटों पर दिखाई नहीं दे रहा था। संभावना है कि जहाज ने अपने ट्रैकिंग सिस्टम को बंद कर दिया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि लैन हाई 101 माले में पोर्ट कॉल के लिए आने वाला था। वह मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र का चक्कर लगा रहा है। इस जहाज ने तीन मौकों पर मालदीव ईईजेड में प्रवेश किया है। मत्स्य विज्ञान और सर्वेक्षण के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला जहाज लैन हाई 101 लगभग 85 मीटर लंबा है। दावा है कि इस जहाज का इस्तेमाल 2019 से येलो सी फिशरीज रिसर्च इंस्टीट्यूट कर रही है।



### प्रयोगशाला और अत्याधुनिक मशीनरी से सुसज्जित चीन का लैन हाई 101 जहाज

जहाज को पीले सागर और बोहाई सागर में मत्स्य पालन अनुसंधान के लिए डिजाइन किया गया था, लेकिन यह सुदूर समुद्र में भी शोध करने की क्षमता रखता है। चीन का सबसे उन्नत मत्स्य अनुसंधान पोत लैन हाई 101 एक प्रयोगशाला और अत्याधुनिक मशीनरी से सुसज्जित है जिसका उपयोग समुद्री जीवन और पानी के नीचे के इलाके का सर्वेक्षण करने के लिए किया जाता है। जहाज में एक इको साउंड प्रणाली, पर्स सीनिंग उपकरण और एक सोनार स्कैन प्रणाली लगी हुई है।

# अमेरिका में फैल रहा जानलेवा फंगल इंफेक्शन

एजेंसी | वॉशिंगटन



अमेरिका में एक जानलेवा फंगल इंफेक्शन कैंडिडा ऑरिस तेजी से फैल रहा है। इस महीने वॉशिंगटन में चार लोग इस फंगस से संक्रमित पाए गए। यह एक दुर्लभ इंफेक्शन होते हुए भी खतरनाक माना जाता है क्योंकि डॉक्टरों का कहना है कि इसकी मृत्यु दर काफी ज्यादा होती है। वहीं इस फंगल इंफेक्शन पर दवाओं का असर बहुत कम होता है। यह इंफेक्शन अस्पतालों में आसानी से फैल जाता है और कई बार लोगों को पता नहीं चलता। इससे ग्रसित होने के बाद मरीज में तुरंत लक्षण नहीं दिखाई देते। वह तुरंत गंभीर रूप से बीमार नहीं पड़ता है। ऐसे में अन्य लोगों में भी संक्रमण फैलने के चांस ज्यादा होते हैं। सबसे पहले इस फंगल इंफेक्शन का मामला 10 जनवरी को सामने आया था। इसके बाद सिएटल और किंग काउंट में तीन और मामले सामने आए हैं। यह मरीज की इम्यून पावर को खत्म कर देता है। वहीं कई एंटीफंगल दवाएं इस पर काम नहीं करती। ऐसे में मरीज पर और अन्य बीमारियां भी धावा बोल देती हैं। कई बार मरीज की जान चली जाती है।

डॉक्टरों के मुताबिक यह पैथोजन फीडिंग ट्यूब, ब्रीदिंग ट्यूब या फिर कैटहीटर इस्तेमाल करने वाले मरीजों को आसानी से संक्रमित कर देता है। सीडीसी के मुताबिक यह खून से लेकर त्वचा तक को संक्रमित कर सकता है।




# रूस पर भड़का दक्षिण कोरिया

एजेंसी | सियोल

दक्षिण कोरिया और रूस में उत्तर कोरिया के परमाणु हथियारों को लेकर राजनयिक तनाव चरम पर है। दक्षिण कोरियाई विदेश मंत्रालय ने उत्तर कोरिया पर राष्ट्रपति यून सुक येओल के बयान की आलोचना करने के लिए रूसी राजनयिकों को तलब किया है। मंत्रालय ने कहा कि दक्षिण कोरिया के राजनीतिक मामलों के उप विदेश मंत्री चुंग ब्यूंग-वोन ने रूसी राजदूत जियोर्जी जिनोविएव को तलब कर विरोध जताया। उन्होंने रूसी राजदूत से कहा कि राष्ट्रपति यून के बयान पर मॉस्को का हमला दोनों देशों की बीच संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा।

दक्षिण कोरियाई विदेश मंत्रालय ने कहा कि रूस ने सच्चाई को नजरअंदाज किया और हमारे राष्ट्रपति की टिप्पणियों की बेहद असभ्य भाषा में आलोचना करते हुए बिना शर्त उत्तर कोरिया की रक्षा की और इस बात पर जोर दिया कि इससे कोरिया-रूस संबंध और खराब होंगे। 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दक्षिण कोरिया के प्रतिद्वंद्वी, उत्तर कोरिया के साथ संबंधों को मजबूत किया है।

### रूस में सैनिकों की पत्नियों का प्रदर्शन


**मॉस्को**। रूस-यूक्रेन युद्ध को शुरू हुए 500 दिन बीत चुके हैं। ऐसे में बड़ी संख्या में महिलाएं क्रेमलिन में इकट्ठा हुईं और फिर वहीं पर मौजूद राष्ट्रपति पुतिन के चुनाव मुख्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस ने भीड़ से कई लोगों को हिरासत में लिया। हिरासत में लिए गए लोगों में कई विदेशी पत्रकार भी शामिल हैं।

### हूती के 36 ठिकानों पर हमले

# अमेरिका-ब्रिटेन ने यमन में बरपाया कहर

एजेंसी | वॉशिंगटन

संयुक्त राष्ट्र अमेरिका ने हूती विद्रोहियों के खिलाफ अपना एक्शन शुरू कर दिया है। अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम ने हूती विद्रोहियों के खिलाफ हवाई और जमीन पर 10 अलग-अलग जगहों पर 36 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए। इस हमले के बाद अमेरिका और ब्रिटेन ने ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा, डेनमार्क, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड के साथ एक संयुक्त बयान जारी किया है। बयान में उन्होंने कहा कि हमारा मकसद लाल सागर में शांति बनाए रखना है। हम लाल सागर में तनाव कम करना चाहते हैं। हम विश्व के महत्वपूर्ण जलमार्गों में से एक की रक्षा करने में संकोच नहीं करेंगे, क्योंकि वहां से गुजरने वाले शिप को लगातार खतरों का सामना करना पड़ रहा है। हमारा उद्देश्य लाल सागर में शांति स्थापित करना है। यूएस के रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हमले के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम की सेनाओं ने हूती के नियंत्रित क्षेत्रों कई हमले किए। इन अतिरिक्त हमले करने में अमेरिका और ब्रिटेन को ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा, डेनमार्क, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड से भी समर्थन मिला है।



### क्या है हमले का उद्देश्य?

यूएस सेंट्रल कमांड ने कहा कि टारगेट हमलों का उद्देश्य हूती आतंकवादियों के ठिकानों को बर्बाद करना था, जिनका इस्तेमाल वे वैश्विक व्यापार और निर्दोष नाविकों के जीवन को खतरे में डालने के लिए करते हैं। अमेरिकी सेना ने सबसे पहले 6 हूती एंटी-शिप मिसाइलों के खिलाफ अलग से हमले किए। ये मिसाइल लाल सागर में जहाजों के खिलाफ लॉन्च करने के लिए तैयार थे। इससे पहले अमेरिकी सेना ने यमन के पास आठ ड्रोनों को मार गिराया। लॉन्च होने से पहले ही चार अन्य को नष्ट कर दिया।

**इजराइल-हमास जंग का असर इन देशों पर:** इजराइल ने पिछले साल 7 अक्टूबर को हुए हमास के हमले के बाद गाजा पर कहर बरपाया है। इससे पूरे मध्य पूर्व में तनाव बढ़ गया है। लेबनान, इराक, सीरिया और यमन में ईरान समर्थित समूहों में हिंसा भड़क गई है। 28 जनवरी को एक ड्रोन जॉर्डन के एक अड्डे से टकराया, जिसमें तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत हो गई।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl